दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 12 | अंक : 18 टोंक | गुरुवार,22 अगस्त, 2024 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष तृतीया संवत्-2081 भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# एससी आरक्षण में कोटा देने के विरोध में भारत बंद

## बिहार में ट्रेनें रोकीं, पटना में लाठीचार्ज; राजस्थान के 16 जिलों में स्कूल बंद

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के एसटी आरक्षण में कोटा लागू करने की इजाजत देने के खिलाफ बुधवार को दलित-आदिवासी संगठनों ने 14 घंटे का भारत बंद बुलाया। नेशनल कन्फेडरेशन ऑफ दलित एंड आदिवासी ऑर्गनाइजेशन ने इसे दलित और आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ बताया है। बिहार में बंद का सबसे ज्यादा असर दिखा । वहीं राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में इसको लेकर अलर्ट है। कांग्रेस, टीएमसी, सपा, बसपा, आरजेडी, झामुमो समेत कई दलों ने बंद का समर्थन किया है।

### पटना में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज

पटना के डाकबंगला चौराहे पर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर पहले वाटर केनन चलाई, फिर लाठीचार्ज किया। सभी बेरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे थे।

### आगरा में सड़क पर उतरे बसपा कार्यकर्ता

आगरा में बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे। धनौली में प्रदर्शनकारियों द्वारा बाजार बंद कराया गया। ट्रैफिक पुलिस आईलैंड पर चढ़कर उस पर झंडा लगा दिया गया है। सभी लोग कलेक्ट्रेट की तरफ गए। बसपा जिलाध्यक्ष विमल कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की ओर से सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को भारत बंद के समर्थन करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

### पंजाब में भारत बंद पर टकराव वाल्मीकि सभा विरोध में

सुप्रीम कोर्ट के एससी आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने की इजाजत देने के खिलाफ दलित-आदिवासी संगठनों ने बुधवार को भारत बंद का ऐलान किया था। हरियाणा और पंजाब में बंद बेअसर नजर नहीं आया है। पंजाब में बहुजन समाज पार्टी बंद के समर्थन में है। बसपा जालंधर में रामा मंडी चौक, बूटा पिंड चौक और पठानकोट चौक पर प्रदर्शन कर रही है। वहीं वाल्मीकि समाज भारत बंद के विरोध में उतर आया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के सुझाव को सही बताया। उन्होंने जालंधर में लड्डू भी बांटे। वाल्मीकि सभा के चेयरमैन राजकुमार राजू ने कहा कि अगर कोई दुकानें बंद कराने की कोशिश करेगा तो उसका विरोध करेंगे। वाल्मीकि समाज के नेता विपन सभ्रवाल की अगुआई में बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती का पुतला जलाया गया। उन्होंने कहा कि हम खुद बाजार में जाकर देखेंगे। अगर किसी ने दुकान बंद कराई तो फिर उसका विरोध कर दुकानें खुलवाएंगे। माहौल को देखते हुए जालंधर में भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई है। प्रदर्शन वाली जगहों के अलावा नेशनल हाईवेज पर भी जवान तैनात किए गए हैं। जालंधर के खांबड़ा में बसपा वर्करों ने नकोदर हाईवे जाम करने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें हटा दिया। जालंधर के खांबड़ा में बसपा वर्करों ने नकोदर हाईवे जाम करने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें हटा दिया। हरियाणा में भी बंद का कोई असर नजर नहीं आ रहा है। यहां भिवानी के बवानी खेड़ा में दलित समुदाय ने प्रदर्शन किया। हालांकि पुलिस ने उन्हें रोड जाम नहीं करने दी। जिसके बाद वह प्रधानमंत्री का पुतला फूंककर चले गए।






### पटना में लाठीचार्ज, पुलिसवाले ने धोखे से एसडीएम को मारा, 3 शहरों में ट्रेन रोकी

सुप्रीम कोर्ट के एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने के फैसले के खिलाफ दलित संगठनों की ओर से आज भारत बंद बुलाया गया है। गोपालगंज में प्रदर्शन के दौरान एक स्कूल बस फंस गई। सड़क पर आगजनी की गई थी। प्रदर्शनकारियों ने बस को आग के ऊपर से निकाला। इस दौरान बस में 20 से ज्यादा स्कूल बच्चे मौजूद थे। गनीमत रही कि बस में आग नहीं लगी। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। गोपालगंज एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा है कि पहचान कर एक-एक व्यक्ति पर कार्रवाई की जाएगी। इधर, पटना में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इस दौरान डाकबंगला चौराहे पर पुलिस वाले ने पटना सदर एसडीएम श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर को गलती से डंडा मार दिया। पटना में प्रदर्शनकारी महेंद्रु होते डाकबंगला पहुंचे। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर इन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी। प्रदर्शनकारी को रोकने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल भी किया गया। वहीं, बक्सर में सिविल कोर्ट के जज की गाड़ी को प्रदर्शनकारियों ने रोक दिया। लाठी डंडे के साथ प्रदर्शनकारी गाड़ी के आगे खड़े हो गए। इधर, दरभंगा में भी बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को रोक दिया गया है। प्रदर्शनकारी ट्रेन पर चढ़कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। मधुबनी में भी प्रदर्शनकारियों ने दानापुर-जयनगर इंटरसिटी एक्सप्रेस को रोक दिया। औरंगाबाद में बंद को सफल बनाने के लिए दुकानदारों के साथ मारपीट की गई। जहानाबाद में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच नोकझोंक हुई है। पूर्णिया में सड़क पर आगजनी की गई है। यहां से सांसद पप्पू यादव ने भी बंद का समर्थन किया है। आरा रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शनकारियों ने 01663 रानी कमलापति-सहरसा एक्सप्रेस ट्रेन को रोक दिया है। प्रदर्शनकारी ट्रैक पर बैठे हुए हैं। सहरसा में डेड बॉडी ले जा रहे एक एंबुलेंस को रोक दिया गया।

## बीकानेर में प्रदर्शनकारी और व्यापारी आमने-सामने हुए, पुलिस ने लाठीचार्ज कर खदेड़ा; 4 जिलों में रही नेटबंदी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** अनुसूचित जाति के आरक्षण में क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कार्ट के फैसले के विरोध में राजस्थान बंद रहा। प्रदर्शन को देखते हुए भरतपुर संभाग के 4 जिलों (भरतपुर, करौली, सवाई माधोपुर और डीग-कुम्हेर) में नेटबंदी की गई है। जयपुर सहित 16 जिलों में स्कूल-कॉलेज भी बंद रहे। तीन यूनिवर्सिटी की परीक्षाएं भी कैंसिल की गई।

बीकानेर के बज्जू के बाजार में दोपहर 2 बजे भारत बंद के दौरान बाजार बंद नहीं करने पर विवाद हो गया। प्रदर्शनकारी और व्यापारी आमने-सामने हो गए। प्रदर्शनकारियों ने आढ़त की दुकान करने वाले अशोक को घेर लिया और उसे दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। मामला बढ़ा तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा और मामला शांत कराया।

जोधपुर के सोमेसर गांव दुकान बंद कराने के लिए प्रदर्शनकारियों ने गर्म तेल की कढ़ाई उलट दी। इस कारण हलवाई के दोनों पैर जल गए। वहीं जोधपुर शहर में रैली निकालने के दौरान बंद समर्थक ट्रैफिक पुलिस की पोस्ट पर चढ़ गए। बंद का असर जयपुर में भी रहा। राजधानी में सिटी बसों का संचालन नहीं हुआ। अलवर-भीलवाड़ा में रोडवेज बसें बंद रही। पाली, बाड़मेर, जैसलमेर, टोंक सहित कई शहरों में निकली रैलियों में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

सवाई माधोपुर में डीजे बजाते हुए कार्यकर्ता डंडे लहराते हुए रैली में पहुंचे। पाली में समिति की टीमों ने सुबह दुकानें बंद करवाईं। बंद के आह्वान पर भाजपा नेता किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि वे सुप्रीम कोर्ट के फैसले के साथ हैं। कुछ लोग एससी-एसटी को गुमराह कर राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं। अनुसूचित जाति-जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति ने बंद की सफलता के लिए 25 टीमें भी बनाई हैं।

जयपुर के अल्बर्ट हॉल के बाहर भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में युवा भी शामिल हुए।



### जयपुर सहित 16 जिलों में स्कूल-कॉलेज रहे बंद

बंद के चलते जयपुर, सीकर, अलवर, दौसा, सवाई माधोपुर, डीग, जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, टोंक, भीलवाड़ा, नीमकाथाना, कोटा, श्रीगंगानगर, चित्तौड़गढ़ और भरतपुर में स्कूल-कॉलेजों के साथ समस्त शैक्षणिक संस्थाओं में छुट्टी कर दी गई थी। कोटा, शेखावाटी और मत्स्य यूनिवर्सिटी की परीक्षाएं कैंसिल की गई। भरतपुर में संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा के निर्देशानुसार सुबह 9 से शाम 6 बजे तक भरतपुर, सवाई माधोपुर, करौली व डीग-कुम्हेर में इंटरनेट बंद रहा। गंगापुर सिटी जिले के टोडाभीम में सरकारी स्कूल विशनपुरा के 12 टीचरों ने सीबीईओ (टोडाभीम) को सामूहिक एप्लिकेशन देकर 21 अगस्त की छुट्टी मांगी। उन्होंने भारत बंद का समर्थन करने के लिए छुट्टी चाही थी। कोटा के साथ ही जयपुर ग्रामीण के फुलेरा, चंदवाजी, रेनवाल और अचरोल में शराब की दुकानें बंद रही।

### बीकानेर में प्रदर्शनकारी और व्यापारी आमने-सामने हुए पुलिस ने लाठीचार्ज कर खदेड़ा; 4 जिलों में रही नेटबंदी

अनुसूचित जाति के आरक्षण में क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कार्ट के फैसले के विरोध में बुधवार को राजस्थान बंद रहा। प्रदर्शन को देखते हुए भरतपुर संभाग के 4 जिलों (भरतपुर, करौली, सवाई माधोपुर और डीग-कुम्हेर) में नेटबंदी की गई है। जयपुर सहित 16 जिलों में स्कूल-कॉलेज भी बंद रहे। तीन यूनिवर्सिटी की परीक्षाएं भी कैंसिल की गई। बीकानेर के बज्जू के बाजार में दोपहर 2 बजे भारत बंद के दौरान बाजार बंद नहीं करने पर विवाद हो गया। प्रदर्शनकारी और व्यापारी आमने-सामने हो गए। प्रदर्शनकारियों ने आढ़त की दुकान करने वाले अशोक को घेर लिया और उसे दौड़ा-दौड़ा कर पीटा।

मामला बढ़ा तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा और मामला शांत कराया। जोधपुर के सोमेसर गांव दुकान बंद कराने के लिए प्रदर्शनकारियों ने गर्म तेल की कढ़ाई उलट दी। इस कारण हलवाई के दोनों पैर जल गए। वहीं जोधपुर शहर में रैली निकालने के दौरान बंद समर्थक ट्रैफिक पुलिस की पोस्ट पर चढ़ गए। बंद का असर जयपुर में भी रहा। राजधानी में सिटी बसों का संचालन नहीं हुआ। अलवर-भीलवाड़ा में रोडवेज बसें बंद रही। पाली, बाड़मेर, जैसलमेर, टोंक सहित कई शहरों में निकली रैलियों में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। सवाई माधोपुर में डीजे बजाते हुए कार्यकर्ता डंडे लहराते हुए रैली में पहुंचे। पाली में समिति की टीमों ने सुबह दुकानें बंद करवाईं। बंद के आह्वान पर भाजपा नेता किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि वे सुप्रीम कोर्ट के फैसले के साथ हैं। कुछ लोग एससी-एसटी को गुमराह कर राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं।

## केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू का राज्यसभा जाना तय

### नामांकन के बाद बोले- राजस्थान की पगड़ी पर दाग नहीं लगने दूंगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रदेश में राज्यसभा उपचुनाव के लिए बीजेपी प्रत्याशी व केन्द्रीय रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया। बीजेपी के केन्द्रीय नेतृत्व ने मंगलवार को ही बिट्टू को राजस्थान से राज्यसभा प्रत्याशी घोषित किया था।

सीएम भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा प्रस्तावक बने। रवनीत सिंह बिट्टू ने नामांकन के लिए चार सेट किए दाखिल। वहीं, निर्दलीय विधायक सहित 40 विधायक प्रस्तावक और अनुमोदक बने। राजस्थान से राज्यसभा जाना लगभग तय है, क्योंकि कांग्रेस इन चुनावों में अपना प्रत्याशी नहीं उतार रही है। ऐसे में बिट्टू की निर्विरोध जीत तय मानी जा रही है। रवनीत सिंह बिट्टू लोकसभा चुनावों में भी कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए थे। बिट्टू पंजाब के पूर्व सीएम बेअंत सिंह के पोते हैं। बिट्टू मोदी सरकार में रेल राज्य मंत्री हैं।



#### लोकसभा में हार का सामना किया


लुधियाना से 2 बार सांसद रह चुके रवनीत बिट्टू लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। बिट्टू पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत बेअंत सिंह के पोते और पूर्व मंत्री तेज प्रकाश सिंह के बेटे हैं।

#### बिट्टू बोले- पगड़ी पर दाग नहीं लगने दूंगा

नामांकन के बाद रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि राजस्थान का यह कर्ज मेरे ऊपर रहेगा। मैं राजस्थान और पंजाब की पगड़ी पर कभी कोई दाग नहीं लगने दूंगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान से दूसरी पार्टियों ने प्रत्याशी खड़ा नहीं किया यह बीजेपी की बहुत बड़ी जीत है। पंजाब मेरी जन्मभूमि और कर्म भूमि दोनों रहे हैं और राजस्थान भी मेरी कर्म भूमि हो गई है। रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि मेरे पास जो भी मंत्रालय हैं। उनमें राजस्थान के लिए कोई कमी नही छोड़ी जाएगी। राजस्थान में बड़ी मात्रा में फसलों की पैदावार होती है।

### कोलकाता रेप-मर्डर केस सीआईएसएफ ने अस्पताल की सुरक्षा संभाली

**कोलकाता/नई दिल्ली।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर की रेप और मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आरजी कर मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा सीआईएसएफ ने अपने हाथ में ले ली है। सीआईएसएफ के अधिकारी बुधवार को अस्पताल पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व डिप्टी सुपरिनटेंडेंट अख्तर अली ने आज कलकत्ता हाईकोर्ट में पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के खिलाफ याचिका लगाई है। अली ने घोष पर कार्यकाल के दौरान वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया है और ईडी से जांच कराने की मांग की है।उधर, सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार से कानून बनाने की मांग कर रहे डॉक्टरों का प्रदर्शन 10वें दिन भी जारी है।

SNO
Shree Nath Optician

Improve Your Vision
G-32, Shivam Appt. Nr Biyani College, Central Spine, Vidhyadharnagar. M: 9785111173
G-2, Shree Tower, Sector-11, Despensary Road, Kumbha Marg, Pratap Nagar. M: 8559990941

## सम्पादकीय

### रोजगार संकट का कोई त्वरित समाधान नहीं, शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए वियतनाम से सीखने की जरूरत

बेरोजगारी पर आने वाली सभी नकारात्मक रिपोर्टों को लंबे अरसे तक खारिज करने के बाद सरकार ने आखिरकार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट भाषण में यह बात स्वीकार की है कि उसके सामने बेरोजगारी की समस्या है। मुख्य आर्थिक सलाहकार द्वारा तैयार की गई आर्थिक समीक्षा में भी रोजगार सृजन और बेरोजगारी के मुद्दे पर अधिक ध्यान दिया गया है। अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री ने पांच योजनाओं की घोषणा की जिनमें से अधिकांश ज्यादा कर्मचारियों की भर्ती करने पर नियोक्ताओं को अधिक प्रोत्साहन देने की बात करती हैं। इनमें से एक योजना खास तौर पर दिलचस्प थी। वित्त मंत्री चाहती हैं कि देश की शीर्ष 500 कंपनियां प्रशिक्षुओं की भर्ती करें और उन्हें प्रशिक्षण दें। प्रशिक्षुओं को हर महीने 5,000 रुपये देने की बात है और उन्हें एक बार 6,000 रुपये की एकमुश्त सहयोग राशि भी मिलेगी। सरकार प्रशिक्षुओं की छात्रवृत्ति पर होने वाले ज्यादातर खर्च की भरपाई करेगी। कंपनियां उसका बचा हिस्सा देंगी और प्रशिक्षण पर होने वाला खर्च उठाएंगी। इसका अंतिम ब्योरा अभी आना है। ये विचार बहुत व्यावहारिक नहीं हैं। इनसे यह भी लगता है कि सरकार इस समस्या को पूरी तरह समझ ही नहीं पा रही है। भारत में बेरोजगारी समस्या है, युवा बेरोजगारी ज्यादा बड़ी समस्या है, रोजगार सृजन समस्या है और युवाओं में उपयुक्त कौशल की कमी भी समस्या है। इनसे दो बातें सामने आती हैं। पहली, हर वर्ष भारी तादाद में कार्य बल में शामिल हो रहे युवाओं को या उनमें से ज्यादातर को रोजगार देने के लिए पर्याप्त नौकरियां सुनिश्चित की जाएं। दूसरी बात, यह सुनिश्चित किया जाए कि रोजगार तलाश रहे युवा वाकई में भर्ती के योग्य हैं। दुनिया के सभी देश रोजगार के पर्याप्त मौके तैयार करने की समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन बड़ी आबादी और युवाओं की ज्यादा तादाद के कारण भारत सबसे ज्यादा प्रभावित है। आप किस तरह के आंकड़े उठाते हैं, उसके हिसाब से भारत में कामकाजी आबादी 1 करोड़ से 1.4 करोड़ हो जाती है। इनकी भर्ती के लिए रोजगार के मौके तैयार करना मुश्किल है चाहे अर्थव्यवस्था सालाना 7-8 प्रतिशत की दर से ही क्यों न बढ़ रही हो। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि की हरेक इकाई के बदले सृजित रोजगार की संख्या पिछले कुछ दशकों में दुनिया भर में काफी कम हुई है क्योंकि तकनीकी प्रगति और दूसके कारणों से उत्पादकता में तेजी से इजाफा हुआ है। 1970 के दशक में भारत की अर्थव्यवस्था में आबादी के लिए रोजगार के मौके तैयार करने की क्षमता जीडीपी वृद्धि की लगभग 1 प्रतिशत थी और उस समय आबादी भी बहुत कम थी। वर्तमान दशक में रोजगार देने की क्षमता घटकर 0.1 फीसदी रह गई है। इस प्रकार 8 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि भी रोजगार के पर्याप्त मौके शायद ही तैयार कर पाएगी। बड़ी तादाद में नई नौकरियां तैयार करने का एक ही तरीका है- भारत को विनिर्माण और सेवा क्षेत्र की नई क्षमताओं का आकर्षक केंद्र बनाया जाए। कारोबारी सुगमता बढ़ने की तमाम बातों के बावजूद हकीकत यह है कि भारत में कारोबारियों को अनुपालन, नियमन और दूसरी कई बाधाओं से निपटना पड़ता है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पोलैंड-यूक्रेन की यात्रा के अनेक महत्त्व है

**प्रधानमंत्री मोदी ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि इसके बाद मैं राष्ट्रपति जेलेंस्की के निमंत्रण पर यूक्रेन जाऊंगा। यह यात्रा उनके साथ पहले की चर्चाओं को आगे बढ़ाने और भारत-यूक्रेन मैत्री को और गहरा करने का अवसर होगा। हम चल रहे यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान पर भी अपने विचार साझा करेंगे। एक मित्र और साझेदार के रूप में, हम इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र वापसी की आशा करते हैं।'बीबीसी के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को लेकर यूरोपीय संसद के सदस्य डेरियस जोंस्की ने कहा कि पॉलिटिक्स और बिजनेस को लेकर प्रधानमंत्री मोदी की पोलैंड यात्रा हमारे लिए काफी अहम है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी 21-23 अगस्त तक पोलैंड आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। 23 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन रवाना हो जाएंगे।**

**अशोक भाटिया**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय पोलैंड दौरे पर हैं। पिछले 45 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली पोलैंड यात्रा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम का स्वागत किया था और बाद में वे पोलैंड के लिए रवाना हो गए। 45 साल में यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला पोलैंड दौरा है। 1955 में दोनों देशों ने राजनयिक संबंध स्थापित किए थे। प्रधानमंत्री मोदी का ये दौरा दोनों देशों के संबंधों को 70 साल पूरे होने के मौके पर हो रहा है।आखिरी बार 1979 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने पोलैंड की यात्रा की थी। प्रधानमंत्री का ये दौरा 21 अगस्त से 22 अगस्त तक का रहेगा। ये यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर केंद्रित रहने वाली रहेगी , जिसमें रणनीतिक साझेदारी, रक्षा सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान सहित कई मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। पोलैंड यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी पोलैंड जामनगर और कोल्हापुर के महाराजाओं के स्मारकों का दौरा भी कर सकते हैं। यह भारत और पोलैंड के बीच ऐतिहासिक संबंधों की निशानी है। महाराजा दिग्विजय सिंहजी ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हजारों पोलिश शरणार्थियों को शरण दी थी।प्रधानमंत्री मोदी के पोलैंड दौरे पर पोलैंड के राजदूत सेबेस्टियन डोमजाल्स्की ने कहना है कि भारत दुनिया की आवाज है। मोदी की यात्रा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक ताकतवर संदेश देगी कि भारत शांति के पक्ष में हैं। उनके यात्रा के दौरान, तकनीक, डिफेंस और सुरक्षा बातचीत के अहम मुद्दें रहेंगे।आपको बता दें कि सबसे पहले भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू 25 जून 1955 को पोलैंड गए थे। इसके बाद इंदिरा गांधी 8 अक्टूबर 1967 को पोलैंड यात्रा पर गई थी। फिर मोरारजी देसाई 14 जून 1979 को पोलैंड यात्रा पर जाने वाले आखिरी भारतीय प्रधानमंत्री थे। इसके 45 साल बाद अब मोदी वहां जा रहे हैं।

पोलैंड यात्रा के बाद प्रधानमंत्री मोदी 23 अगस्त को यूक्रेन जाएंगे। मोदी पोलैंड से ट्रेन से यूक्रेन जाएंगे। रूस-यूक्रेन जंग के बीच उनका यह दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने प्रधानमंत्री मोदी को यूक्रेन आने का न्योता दिया था। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी 8 और 9 जुलाई को रूस के दौरे पर भी गए थे।प्रधानमंत्री का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब यूक्रेन ने कुछ दिनों से रूस की सीमा में घुसकर हमले शुरू कर दिए हैं। यूक्रेन ने रूस के कुछ इलाके को अपने कब्जे में ले लिया है।भारत और पोलैंड के बीच 2023 में 5.72 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ है। 2013 से 2023 तक दोनों देशों के बीच 192% व्यापार बढ़ा है। 2023 में भारत ने पोलैंड के साथ 3.95 बिलियन डॉलर का निर्यात और 1.76 बिलियन डॉलर का आयात किया था।भारत का पोलैंड में 3 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश है। भारतीय आईटी कंपनियां पोलैंड में लगभग 10,000 लोगों को रोजगार देती है। वहीं, पोलैंड का भारत में 685 मिलियन डॉलर का निवेश है। गौरतलब है कि भले ही 45 सालों से कोई भी भारतीय प्रधानमंत्री पोलैंड नहीं गया है, इसका ये मतलब नहीं है कि हमारे पोलैंड के साथ खराब रिश्ते हैं।भारत और पोलैंड के बीच लंबे समय से दोस्ती वाले रिश्ते हैं। दोनों देशों ने 1954 में राजनयिक संबंध स्थापित किए, जिसके बाद 1957 में वारसॉ में भारतीय दूतावास खोला गया।पंडित नेहरू की 1954 में पोलैंड विजिट के बाद 1979 तक भारत के ङ्कङ्कढ्ढक्क का पोलैंड राजनीतिक दौरा होता रहा। 1989 में पोलैंड द्वारा लोकतांत्रिक मार्ग चुनने के बाद भी संबंध घनिष्ठ बने रहे। 2004 में पोलैंड के यूरोपीय संघ में शामिल होने के बाद भी दोनों देशों के बीच रिश्ते अच्छे रहे और मध्य यूरोप में पोलैंड भारत का एक मुख्य भागीदार के रूप में उभरा। भारत और पोलैंड कई क्षेत्रों में साझेदार जिसमें कल्चर, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, विदेश कार्यालय, आतंक और क्राइम, डिफेंस, आर्थिक सहयोग, हेल्थ केयर और कोल एंड माइनिंग आदि शामिल हैं।इसके अलावा पोलैंड ने 1989 में लोकतंत्र अपनाने के बाद एक डेलिगेशन भारत भेजा था, जिसने भारत के विशाल लोकतंत्र को समझा और अपने देश में भारत जैसा लोकतंत्र स्थापित करने की कोशिश की। भारत के लोकतंत्र को समझने के लिए पोलैंड ने 1992, 2000, 2002 और 2003 अपने डेलिगेशन भारत भेजे हैं। 2002 में तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष मनोहर जोशी के नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने भी पोलैंड का दौरा किया था।पोलैंड मध्य और पूर्वी यूरोप में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक और निवेश पार्टनर है। 2013-2023 के बीच पोलैंड के साथ कुल द्विपक्षीय कारोबार में 192 फीसद की बढ़ोतरी देखी गई है, जोकि 2013 में 1।95 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023 में 5.72 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।भारत से पोलैंड एक्सपोर्ट होने वाले सामानों में कपड़ा, बैस मेटल, केमिकल प्रोडक्ट्स, मैकेनिकल प्रोडक्ट्स, फुटवियर और हेडगेयर, प्लास्टिक, रबर और उनसे बने समान, सिरेमक, फूड आइटम्स और वनस्पति शामिल हैं।अगर इंवेस्टमेंट की बात करें तो भारत में पोलैंड का कुल निवेश 685 मिलियन डॉलर का है। वहीं भारत का पोलैंड में निवेश भी साल दर साल बढ़ रहा है और अब वे करीब 3 बिलियन डॉलर का हो गया है। भारत की कई कंपनियां पोलैंड के विकास में अपना योगदान दे रही हैं।पौलेंड के लोगों का योग करने में भी पुराना इतिहास है। पौलेंड का योगा इतिहास लगभग 100 साल पुराना है और भारत की तरह ही यहां भी लोग योगा की खूब दीवाने हैं। पौलेंड में करीब 3 लाख लोग योगा करते हैं। हर साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पौलेंड में भी बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है।पौलेंड में करीब 25 हजार भारतीय समुदाय के लोग रहते हैं। इनमे से ज्यादातर व्यापारी और नौकर पेशा है जो कम्यूनिज्म के पतन के बाद यहां आए हैं। इसके अलावा करीब 5 हजार भारतीय छात्र पोलैंड में पढ़ाई कर रहे हैं और 1 हजार के करीब यहां भारतीय रेस्तरां हैं। पौलेंड के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूक्रेन की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। वे 23 अगस्त को यूक्रेन राजधानी कीव पहुंचेंगे और करीब सात घंटे तक वहां रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी पोलैंड के दौरे के बाद ट्रेन से 10 घंटे का सफर तय करेंगे और कीव पहुंचेंगे। दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंध स्थापित होने के बाद 30 से ज्यादा वर्षों में यह पहली बार होगा जब कोई भारतीय प्रधानमंत्री यूक्रेन का दौरा करेगा। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने जुलाई में रूस का दौरा किया था। यूक्रेन और रूस के बीच करीब ढाई साल से युद्ध चल रहा है। दोनों देशों की सेनाएं युद्ध के मैदान में डटी हैं।सोमवार को भारत ने एक बयान में कहा, हम रूस-यूक्रेन के बीच शांतिपूर्ण समाधान खोजने में मदद के लिए हरसंभव मदद देने के लिए तैयार हैं। विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री मोदी की 23 अगस्त की यात्रा की घोषणा की और कहा, यह एक ऐतिहासिक यात्रा होगी। यूक्रेन की यात्रा से पहले प्रधानमंत्री मोदी 21 और 22 अगस्त को पोलैंड की दो दिवसीय यात्रा करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी पोलैंड से कीव तक ट्रेन से यात्रा करेंगे, जिसमें करीब 10 घंटे लगेंगे। वापसी भी उतनी ही अवधि की होगी। रूसी क्षेत्र में कीव के ताजा सैन्य हमले के बीच प्रधानमंत्री मोदी की यूक्रेन यात्रा हो रही है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन समेत कई वैश्विक नेता भी ट्रेन के जरिए कीव पहुंचे। ये नेता यूक्रेनी बॉर्डर के पास पोलिश ट्रेन स्टेशन से ट्रेन के जरिए कीव की यात्रा पर गए। प्रधानमंत्री मोदी की कीव यात्रा, मॉस्को की उनकी हाई-प्रोफाइल यात्रा के कुछ सप्ताह बाद हो रही है। उस समय अमेरिका और उसके कुछ पश्चिमी सहयोगियों ने आलोचना की भी थी।

## शख्सियत



नीरज जैन
( डायरेक्टर अरिहंत पब्लिसिटी )

**'जीवन मे लक्ष्य वहींन जीवन ऐसे है जैसे एक इंसान चौराहे पर खड़ा है, चारों सड़क नजर आ रही हैं फिर भी उसके कदम नहीं उठ पा रहे क्योंकि उसे पता ही नही जाना कहाँ है'**

**मैं जिंदगी का साथ निभाता चला गया,हर फिक्र को धुएं में उड़ाता चला गया..**

जी हां कुछ ऐसी ही व्यवस्थाओं को साथ मे लेकर चलने वाले हमारी आज की शख्सियत कॉलम के सुपर डुपर स्टार है सबके चहते और सबके लिए हमेशा खड़े रहने वाले अरिहंत पब्लिसिटी के डायरेक्टर नीरज जैन। 17 नवम्बर सन 1976 को जन्मे नीरज जैन बचपन से ही कुछ बड़ा कर गुजरने का सपना दिल मे संजोय रखे थे। स्कूली शिक्षा केंद्रीय विद्यालय से हुई चूंकि माता पिता दोनों ही राजकीय सेवा के अधिकारी रहे। ऐसे में सरकार की प्रसासनिक सेवा की नोकरी करने की बजाय छोटा काम सही पर खुद का बिज़नेस करने का मन बनाया और साबित कर दिया कि व्यक्ति यदि सोच बलशाली रखे तो सोचा हुआ काम पूर्ण होता ही है। जंगल मे मोर नाचा किसने देखा उस कहावत को पूर्णत्या चरितार्थ किया। मार्केटिंग का बिजनेस का स्टार्टअप किया उस समय जब लोग मार्केटिंग की अ ब स नहीं जानते थे। पूरे राजस्थान भर में आउटडोर मीडिया(होर्डिंग्स) व अन्य संसाधनो के जरिये लोगों के व्यपार को आसमां की ऊंचाइयों तक छुआ देने का आत्मविश्वास इस व्यक्तित्व में ही है। ऊर्जा से लबरेज सभी लोगों की मदद के उठने वाले हाथ हमेशा संकट के समय भी हाथ पकड़ने के लिए तैयार रहते हैं। माध्यम टीवी के चैनल हैड होने के नाते मीडिया की समाज मे सशक्त भूमिका व सकारात्मक संदेश दिया। अपनी टीम को कीचड़ में कमल ढूंढने के लिए प्रेरित किया। आज नीरज जैन किसी परिचय के मोहताज नहीं। ऐसे कोई संगठन व सामाजिक मंच नहीं जहां इनकी कमी को पूरा किया जा सके। रोटरी क्लब अलवर के अध्यक्ष पद पर रहते हुए अनेकों सामाजिक कार्य व नवाचार किये। सबको साथ बनाए रखना और नए लोगों को जीवन मे जोड़ना इनकी जीवन शैली का एक पार्ट है। हमेशा मधुर मुस्कान बिखेरना व सामाजिक कार्यों के लिए समय की अनुपलब्धता के बाद भी पूरा समय देना इनके बड़प्पन को बयां करता है। अपने कार्य के प्रति निष्ठा व अनुशासन इनकी कार्यशैली को एक नए आयाम देता है। आजकल ये श्री आदिनाथ जैन शिक्षण संस्थान में वाइस चेयरमैन के पद को सुशोभित भी कर रहे हैं। अलवर में इवेंट सिस्टम को सबसे पहले लाने वाले,अलवर की प्रतिभाओं को बड़ा मंच दिलाने वाले भी ये पहले शख्स हैं। अलवर को बड़े पर्यटन हब के रूप में देखना इनकी महत्वकांशा हैं। अविरल अविचल छवि वाले इस व्यक्तित्व की समाज को हर कदम पर जरूरत महसूस होती है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिंद**

## आज का इतिहास

### 22 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- फ्रांस के कैथोलिक और प्रोटेस्टेन्ट ईसाइयों के बीच अंतिम युद्ध 1627 में हुआ।
- ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1639 में तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई (तत्कालीन मद्रास) की स्थापना की।
- रुस, डेनमार्क और पोलैंड के बीच 1698 में त्रिकोणीय संधि हुई जो स्वीडन के विरोध में थी।
- एन। फ्रेंकलिन 1762 में अमेरिकी अखबार न्यूपोर्ट आर आई, मर्करी की पहली महिला संपादक बनी।
- अमेरिका ने 1848 में न्यू मैक्सिको पर कब्जा किया।
- ऑस्ट्रिया ने 1849 में इटली के शहर वेनिस में चालक रहित गुब्बारों से पहला हवाई हमला किया।
- ऑस्ट्रेलिया में सोने के क्षेत्रों की खोज 1851 में हुई।
- नेटाल भारतीय कांग्रेस की स्थापना महात्मा गाँधी द्वारा 1894 को की गई थी।
- जापान ने पांच साल तक कोरिया का संरक्षण करने के बाद उस पर 1910 में कब्जा किया।
- ब्रिटिश और जर्मन सैनिकों के बीच 1914 को बेल्जियम में पहली मुठभेड़ हुई।
- भारत के पहले प्रवीण पायलट इन्द्रलाल राय 1918 में प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान लंदन में जर्मनी के साथ हवाई लड़ाई में मारे गए।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 1921 में विदेशी वस्त्रों की होली जलाई।
- जनरल माइकल कोलिन्स की पश्चिम कॉर्क में 1922 को हत्या कर दी गई।
- अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और चीन के प्रतिनिधियों ने 1944 में संयुक्त राष्ट्र के गठन की योजनाओं को लेकर मुलाकात की।
- विश्व के पहले परमाणु सम्पन्न समुद्री जहाज़ ने 1962 में वर्जीनिया से जॉर्जिया तक की यात्रा पूरी की।
- अमेरिका में 1969 को समुद्री तूफान आने से 255 लोगों की मौत।
- केन्या के पहले राष्ट्रपति जोमो केन्याता का 1978 में 83 साल की उम्र में निधन हुआ।
- राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी ने 1979 में लोकसभा भंग की।
- राज्य सरकार ने 1996 में मद्रास का नाम बदलकर चेन्नई कर दिया।
- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा समान कार्य के लिए समान पारिश्रमिक की कार्य योजना 1999 को लागू हुई।
- काठमांडू में सार्क विदेश मंत्रियों का सम्मेलन 2002 को सम्पन्न, नेपाल में हवाई दुर्घटना में 16 व्यक्ति मारे गये।
- मिस्र के पुरातत्त्वविदों ने 2007 में पश्चिम रेगिस्तान के सिवा क्षेत्र में लगभग 20 लाख साल पुराने मानव के पद-चिह्नों का पता लगाया।
- अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की मरम्मत के लिए दो सप्ताह के मिशन पर गया अंतरिक्ष यान एण्डेवर फ़्लोरिडा में कैनेडी स्पेस सेंटर पर 2007 को सुरक्षित उतरा।

## विशेष आलेख

# भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति चिन्ताजनक

**ललित गर्ग**

भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति चिन्ताजनक है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी एवं खैफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। कई घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। अमेरिका की तर्ज पर भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है। यह दुष्प्रवृत्ति बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन पर तो नकारात्मक प्रभाव डाल ही रही है, इसे भविष्य में समाज की शांति के लिए बड़ा खतरा भी मानना चाहिए। राजस्थान के उदयपुर के स्कूल में दो छात्रों के आपसी विवाद में चाकू मारने से एक छात्र की मौत भी बच्चों में पनप रहे इसी हिंसक बर्ताव का घिनौना एवं घातक रूप है।

बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है! पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मन:स्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा? बच्चों के बस्ते की औचक जांच की व्यवस्था की अपनी अहमियत हो सकती है। मगर जरूरत इस बात की है कि बच्चों के भीतर बढ़ती हिंसा और आक्रामकता के कारणों को दूर करने को लेकर गंभीर काम किया जाए। उदयपुर की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। तहकीकात स्कूल की व्यवस्थाओं की भी होनी चाहिए कि आखिर बच्चा स्कूल में हथियार लेकर कैसे आ गया? इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है। उम्र के इस पड़ाव पर उनको सही राह दिखाने की जिमेदारी परिजन और शिक्षक की ही होती है। आज दोनों ही कहीं न कहीं अपनी जिमेदारी से दूर होते नजर आ रहे हैं। स्कूल में केवल किताबी ज्ञान पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। वहीं अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा।

'मन जो चाहे वही करो' की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वछन्द हो जाते हैं। 'मूड ठीक नहीं' की स्थिति में घटना सिर्फ घटना होती है, वह न सुख देती है और न दु:ख। ऐसी स्थिति में बच्चे अपनी अनंत शक्तियों को बौना बना देता है। यह दकियानूसी ढंग है भीतर की अस्तव्यस्तता को प्रकट करने का। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मर्यादा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक हथियारों का इस्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं। शिक्षकों और परिजनों से संवादहीनता के चलते बच्चों ने मोबाइल फोन और सोशल मीडिया को संवाद का जरिया बना लिया है। कई बार टी.वी. पर हिंसक कार्यक्रम देखने आदि से बच्चों में हिंसक व्यवहार बढ़ जाता है। घर में लगातार बंदूकें, चाकू आदि देखते रहने से भी बच्चों का व्यवहार हिंसक हो जाता है। वैसे भी अगर बच्चों को किसी भी बात के लिए मना नहीं करेंगें, टोकेंगें नहीं तो उन्हें अच्छे-बुरे की पहचान कैसे होगी। एक ऑनलाइन सर्वे में माता-पिता ने कहा था कि बच्चों को गलत काम की सजा भी मिलनी चाहिए, वरना उनके मन में किसी भी बात के लिए डर नहीं रहेगा और हो सकता है वे ऐसे अपराधों को भी अंजाम देने लगें, जिनके परिणामों के बारे में उन्हें पता नहीं। स्कूली बच्चों में पिछले कुछ समय से हिंसक प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है, जो समाज के लिए खतरे की घंटी से कम नहीं है। मनोविज्ञानी यह मानते हैं कि मोबाइल पर पबजी जैसे खतरनाक गेम और वेब सीरिज बच्चों को हिंसक बना रही है। लेकिन, इसके पीछे न सिर्फ स्कूल का वातावरण, बल्कि लाड-प्यार में अंधे अभिभावकों का रवैया भी कम जिम्मेदार नहीं है। बच्चों में हिंसक व्यवहार के संकेत, जैसे गलत भाषा का प्रयोग करना, समझाने पर भी गुस्सा करना, कोई भी बात समझाने पर चीजें फैंकने लगना, मां-बाप को ही मारने दौडना, लोगों के बारे में गलत बोलना, गलत आदतों में पडना, भाई-बहन के लिए स्नेह न रखना, लड़ाकू प्रवृत्ति का होना, हमेशा उदास रहना, संवेदनहीन और चिड़चिड़े रहना, बार-बार जोश में आना आपको नजर आ सकते हैं। एकल परिवारों में माता-पिता इतने व्यस्त होते हैं कि उनके पास बच्चों से बात करने का ज्यादा समय नहीं होता। वे अक्सर इस बात पर भी नजर नहीं रख पाते कि बच्चे क्या कर रहे हैं, क्या खेल रहे हैं, उनके दोस्त कौन-कौन से हैं। दोस्त उन्हें चिढ़ाते भी हैं कि अरे! तुम्हारे माता-पिता कैसे हैं, जो तुम्हें ऑनलाइन खेल भी नहीं खेलने देते। इससे बच्चों में हीनता और अपने घर वालों के प्रति नफरत का भाव पैदा होता है, जो अपराध के रूप में बाहर निकलता है। फिजिकल, ओरल या सैक्सुअल रूप में गलत व्यवहार, घरेलू वातावरण न मिलना, माता-पिता द्वारा बच्चों की अनदेखी, दर्दनाक घटना होने या फिर स्ट्रैस होना, बच्चों को धमकाना, फैमिली प्रॉब्लम, नशीली चीजों का सेवन, शराब और अन्य गलत चीजों के सेवन से बच्चों में आक्रामकता बढ़ सकती है और वे हिंसक हो सकते हैं। ऑस्ट्रिया के क्लागेनफर्ट विश्वविद्यालय की ओर से किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं। एकाकीपन बढ़ने से वे ज्यादा आक्रामक और विध्वंसक सोच की तरफ बढ़ने लगे हैं। घर में बच्चों के लिए स्वस्थ, सुरक्षित, और प्रेमपूर्ण वातावरण बनाने के साथ अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए। स्कूलों में काउंसलर और मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता की व्यवस्था होनी चाहिए, जो बच्चों की मानसिक समस्याओं को समझें और उनका समाधान कर सकें।




## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारस्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा।

**वृष**
मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। महिला मित्रों से विशेष लाभ होगा। अविवाहितों को जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी। काम समय से पूरा नहीं होगा।

**मिथुन**
काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। खर्च ज्यादा होगा। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे।

**कर्क**
मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे। धनप्राप्ति के लिए भी शुभ समय है।

**सिंह**
महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। विदेश से कोई समाचार मिल सकता है। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा।

**कन्या**
अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। धनखर्च होगा। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा। कमिशन, ब्याज से आपकी आय में वृद्धि होगी।

**तुला**
अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे।

**वृश्चिक**
आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आर्थिक योजना में आपको पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है, आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे।

**धनु**
प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। पत्नी के संग से मन प्रसन्न रहेगा। आज आपको कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा।

**मकर**
जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी।

**कुंभ**
दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। परिजनों या दोस्तों के साथ अच्छे भोजन का अवसर मिलेगा। कोई आकस्मिक यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों से संबंधित व्यवस्था कर सकेंगे।

**मीन**
आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा। इस कारण किसी के द्वारा आपकी भावना को ठेस पहुंच सकती है। आज आपको मां की बीमारी की चिंता होगी। मकान या जमीन के दस्तावेजी काम आज न करें। इससे आपका आर्थिक स्तर मजबूत बनेगा।

# बरसाती नाले में चार बच्चों की डूबने से मौत, परिवार में छाया मातम

## बरसाती नाले से भैंसे निकालने कूदे थे 7 लड़के



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** बरसाती नाले में दो चचेरे भाइयों के चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई। दोनों चचेरे भाइयों के अब लड़का नहीं बचा है। परिवार में मातम छा गया है। ये भैंसें चराने खेत पर गए थे। खेत के पास मोहम्मदगढ़ के तालाब का बरसाती नाला था। उसमें इनकी एक भैंस चली गई। वह डूबने लगी तो हरकेश बैरवा (20) पानी में कूदा। इसकी सांसें उखड़ने लगीं तो साथ में गए छह चचेरे भाई एक-एक करके नाले में एक-दूसरे को बचाने कूद गए। इसके बाद हरकेश समेत तीन तो जैसे-तैसे बाहर निकल गए। पुलिस चारों को निकाल कर उनियारा अस्पताल लाई। जहां डॉक्टर ने चारों को मृत घोषित कर दिया। मामला टोंक जिले में उनियारा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुरा खुर्द का सुबह करीब 11 बजे का है। सांसद हरीश मीना ने परिजनों को आश्वस्त किया कि प्रत्येक मृतक के आश्रित को पांच-पांच लाख रुपये तत्काल दिलाए जाएंगे। इसके अलावा मृतक के परिजनों को संविदा नौकरी समेत अन्य नियमानुसार आर्थिक मदद की जाएगी।

**एक-एक कर पानी में कूदे :** हरकेश बैरवा ने बताया कि रघुनाथपुरा खुर्द निवासी हंसराज बैरवा (14) व इसका छोटा भाई दिलकुश बैरवा (12) पुत्र सोजीलाल बैरवा अपने माता-पिता के पास जयपुर रहते हैं। इनके माता-पिता जयपुर में ही मजदूरी करते हैं। रक्षाबंधन पर ये दोनों भाई गांव आए हुए हुए थे। त्योहार मनाने के बाद आज ही दोनों जयपुर जाते, लेकिन बसें नहीं चलने से ये नहीं जा पाए। ऐसे में बुधवार को सुबह करीब 11 बजे परिवार के अन्य बच्चे विजय बैरवा (19) व इसका भाई विकास उर्फ़ राजमल बैरवा (17), राहुल बैरवा, सूरज बैरवा गांव से करीब आधा किमी दूर खेत पर भैंसे चराने चले गए। भैंस खेत के पास बरसाती नाले में चली गई। उसे निकालने के लिए हरकेश नाले में कूदा। पानी गहरा होने से उसकी सांसें फूलने लगीं। यह देख छह अन्य भी एक-एक करके कूद गए। इनमें से चार की मौत हो गई। हंसराज बैरवा (14) व इसका छोटा भाई दिलकुश बैरवा (12) पुत्र सोजीलाल बैरवा, विजय बैरवा (19) व इसका भाई विकास उर्फ़ राजमल बैरवा (17) पुत्र राधाकिशन की डूबने मौत हुई है।

**सांसद हरीश चंद्र मीना उनियारा अस्पताल पहुंचे :** दोपहर 3.30 बजे इसकी सूचना मिलने पर सांसद हरीश चंद्र मीना उनियारा अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवार, ग्रामीण, उनियारा एसडीएम त्रिलोक मीना से बात की। ग्रामीणों ने मृतक के आश्रितों को आर्थिक सहायता व नौकरी देने की प्रमुख मांग रखी। सांसद ने परिजनों को आश्वस्त किया कि प्रत्येक मृतक के आश्रित को पांच-पांच लाख रुपये तत्काल दिलाए जाएंगे। इसके अलावा मृतक के परिजनों को संविदा नौकरी समेत अन्य नियमानुसार आर्थिक मदद की जाएगी। इसके बाद शाम करीब साढ़े पांच बजे शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिए गए। बाद में गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# भारत बंद का आशिंक व मिलाजुला असर रहा

## एससीएसटी समाज के लोगो ने रैली निकाल कर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा क्षैत्र के समस्त अनुसूचित जाति व जनजाति संगठन व अम्बेडकर विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में सुप्रीम कोर्ट की सिफारिशे लागू नहीं करने की मांग लेकर गांधी पार्क से रैली के रूप में उपखण्ड अधिकारी कार्यालय पहुंच कर बीसलपुर पुर्नवास योजना के अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिताभ आदित्य को राष्ट्रपति के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति सौंपी।

बुधवार को भारी सुरक्षा व प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियो की निगरानी में मालपुरा क्षैत्र के समस्त अनुसूचित जाति व जनजाति संगठन व अम्बेडकर विचार मंच के लोग गांधी पार्क से रैली के रूप में रवाना हुए। रैली में शामिल लोग हाथो में नीले झण्डे लहराते व समाज समर्थन में नारेबाजी करते हुए सभी मुख्य बाजारो से होकर व्यास सर्किल से होकर उपखण्ड अधिकारी कार्यालय पहुंच कर राष्ट्रपति के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति बीसलपुर पुर्नवास योजना के अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिताभ आदित्य को सौंपी। ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हुए लिखा गया है कि आरक्षण प्रणाली के



तहत इस वर्ग के आम जन को मिले अधिकारो को यथावत रखते हुए इस वर्ग के हितो की रक्षा की जाए।

रैली के दोरान सुरक्षा की दृष्टि से आगे बीसलपुर पुर्नवास योजना के अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिताभ आदित्य, पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार, तहसीलदार राहुल पारीक व थानाधिकारी चेनाराम हेड़ा मौजुद रहे। ज्ञापन देते समय मंच अध्यक्ष गजेन्द्र बोहरा, उमाशंकर ठागरिया, कैलाश बैरवा, रामदेव बैरवा, सहित इस वर्ग व मंच से जुड़े सैकड़ो लोग मौजुद रहे।

**बंद का रहा आशिंक असर :** समस्त अनुसूचित जाति व जनजाति संगठन व अम्बेडकर विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में सुप्रीम कोर्ट की सिफारिशे लागू नहीं करने की मांग लेकर एससीएसटी संयुक्त संघर्ष समिति के आव्हान पर भारत बंद के आव्हान का मालपुरा में मिलाजुला व आर्शिक असर नजर आया। बुधवार को सुबह से बाजार बंद रहे और रैली और ज्ञापन के बाद मामूली बाजार खुले। वहीं राज्य सरकार के भारत बंद के आव्हान को देखते हुए रोडवेज बसो का संचालन बंद करने से रोजमर्रा व आवश्यक कार्यो से बाहर जाने वालो को भारी परेशानी हुई। नीजि वाहन चालको ने भी समय का लाभ उठाते दो गुने तीन गुने किराया लेकर लोगो ठसाठस भरकर गतंव्य तक छोड़ा। रोडवेज बस स्टेण्ड पर रोडवेज की कई बसे खड़ी रही लेकिन सरकार और निगम के आदेशो के बाद बसो को आगे के लिए रवाना नहीं किया गया। इसके अलावा सरकार के अलर्ट के चलते जिला कलक्टर के आदेशानुसार क्षैत्र के सभी सरकारी व नीजि विद्यालयो में विद्यार्थियों का अवकाश रहा।

सरकारी कार्यालयो में आम कार्य दिवसो के समान कार्य हुए। बैक व अस्पताल सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं को बंद से दूर रखने के चलते इनमें आम दिनो की तरह कामकाज हुए। रैली निकाले जाने तक शहर के सभी बाजार पूर्णतया बंद रहे। रैली निकाले जाने के बाद दुकाने खुलने बाजारो में चहल पहल दिखाई दी। मालपुरा क्षैत्र में भारत बंद का असर आशिंक व मिलाजुला रहा।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में निकाला जुलूस, सौंपा ज्ञापन

## एससी-एसटी को मत सताओ भारत को बांगला देश मत बनाओ सहित अनेक लगाए नारे

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षण में क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में बुधवार को भारत बंद के तहत एससी एसटी जनजाति के संगठनों ने जुलूस निकाला।

संगठनों के कार्यकर्ता और पदाधिकारी डाक बंगले में एकत्रित हुए और जुलूस के रूप में शहर में रैली निकाली। रैली मुख्य बाजार से होते हुए दामोदर सर्कल, गणगौरी बाजार, खारी कुंई, सराफा बाजार, बिलाला मार्केट, पुरानी सब्जी मंडी, बडा बाजार, पटेल रोड व बस स्टैंड



होते हुए अहिंसा सर्किल पर स्थित गांधी पार्क में पहुंची। जहां सभा का आयोजन किया गया। जुलूस में शामिल महिलाएं हाथों में पहले जातिवाद हटाओं फिर आरक्षण पर सवाल उठाओ, एससी-एसटी को मत सताओ भारत को बांगला देश मत बनाओ व आरक्षण व्यवस्था कब तक, जाति व्यवस्था जब तक सहित कई अन्य नारे लिखी हुई तख्तियां लेकर चल रही थी। कार्यक्रम के बाद उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। जुलूस के दौरान शहर का बाजार 2 घंटे बंद रहा। जुलूस में उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार, डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा, तहसीलदार नरेश गुर्जर, थाना अधिकारी हरिराम वर्मा, सदर थाना अधिकारी जयमल सिंह, रामराय मीणा, मुरलीधर मीणा, रमेशचन्द मीणा, शंकरलाल हाथीवाल, रामगोपाल सेवलिया, कमलेश किराड, विनोद परिडवाल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बाबूलाल मीणा, प्रहलाद मुंडिया, बनवारी बरथल, विनोद, देवराज, अजय, विजय व नरेंद्र सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# फसल खराबा को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** किसान महापंचायत द्वारा फसल खराबा को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट की अध्यक्षता में एसडीएम सुरेशचंद चौधरी को जिला कलेक्टर डॉक्टर सौम्या झा के नाम ज्ञापन सौंपकर मुआवजा दिलवाने की मांग की है। ब्लॉक अ दशरथसिंह चौहान ने बताया कि टोंक जिले में अतिवृष्टि के कारण मूंग, उड़द, मूंगफली, तिल, बाजरा व मक्का की फसले 70 से 100 प्रतिशत नष्ट हो गई है जिसके मुआवजे के लिए टोंक जिले के किसानों ने एसडीएम सुरेशचंद चौधरी को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सोपा गया। जिसमें फसलों का मुआवजा, ईसरदा बांध का पानी निवाई क्षेत्र को, सुअरो द्वारा फसलों का नुकसान, राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा किसानों को बिना वजह परेशान करना और समय पर काम नहीं करना, नहरों की समय पर सफाई करने सहित अन्य समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा है। इस अवसर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, जिला अध्यक्ष गोपीचंद चौधरी, रतन लाल, मोहनलाल खेड़ा, राधाकिशन मीणा, बद्री जोधपुरिया, नाथू शर्मा हरभगतपुरा, लक्ष्मण मीणा जामडोली, गोविंद चौधरी पलेई, नवल सिंह, सूरजनारायण चौधरी, शंकर मीणा, बाबूलाल जोगी, गंगाधर मीना, प्रकाश, मुकेश मीणा मुंडिया, कमलेश खंडवा, हरिशंकर धाकड़, रामस्वरूप पहाड़ी व मदन लाल सहित कई किसान मौजूद थे।

# सारसोप में हो रहा विशाल भण्डारे का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा (नि.स.)।** शिवाड़ के पास स्थित सारसोप ग्राम में गणेश मित्र मंडल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन गॉव के गणेश मंदिर के यहां किया जा रहा है । गणेश मित्र मंडल से जुड़े सदस्य सत्यनारायण शर्मा, पायलेट मीना ने बताया कि जो भी पैदल यात्रा या यात्री रणथंभौर गणेश जी, डिग्गी कल्याण जी, घुश्मेश्वर महादेव शिवाड़, खाटू के खाटूश्यामजी मंदिर जा रहे है उनके लिए भंडारे में चाय, पानी, नाश्ते, खाने और रहने की व्यवस्था 24 घंटे की गई है । हर वर्ष सभी ग्रामीणों के सहयोग से गणेश मित्र मंडल यह कार्य करता है। इस वर्ष भी अभी यह भंडारा शुरू है और रोज आने वाले यात्रियों की सेवा मित्र मंडल के सदस्य कर रहे है । घुश्मेश्वर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष प्रेमप्रकाश शर्मा ने मित्र मंडल से जुड़े सभी कार्यकर्ताओ का इस पुण्य कार्य के लिए आभार जताया है ।

# रामकथा महोत्सव को लेकर समितियों का गठन कर कार्यो का किया बंटवारा

## मुख्य सरंक्षक जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी व मुख्य यजमान बी.एल. चौधरी होगें

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** भारत विकास परिषद एवं श्री रामकथा महोत्सव आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में 24 अगस्त से 1 सितम्बर तक महेश सेवा सदन में आयोजित होने वाले भव्य एवं दिव्य श्री रामकथा महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर समितियों का गठन कर कार्यो का बटवारा कर दिया गया है।

समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी व परिषद अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा ने बताया कि महोत्सव के मुख्य आयोजक सरंक्षक प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्है‌यालाल चौधरी होगें व महोत्सव के मुख्य यजमान बी.एल.चौधरी चेरिटेबल



ट्रस्ट के निदेशक भामाशाह व समाजसेवी बी.एल. चौधरी देशमां होगें। महोत्सव व्यवस्थापक रामबाबू परतानी, परिषद सरंक्षक एडवोकेट राजकुमार जैन व सह व्यवस्थापक डॉ. राजकुमार वर्मा ने बताया कि महोत्सव को भव्य व दिव्य बनाने की सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है। प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि महोत्सव के सफल आयोजन के लिए समितियों का गठन किया गया है।

जिसमें स्वागत व आयोजन समिति में नरेन्द्र कुमार जैन नीटू, त्रिलोकचन्द विजय, सुनील परतानी, चन्द्रमोहन उपाध्याय, राजेन्द्र तिवाड़ी, उत्तम जैन , कैलाशचन्द अजमेरी वाले, वित्त समिति में ज्ञानचन्द जेन, गिरधारी आगीवाल, रामधन चौधरी, चन्द्रप्रकाश धाबड़धींगा, भोजन समिति मूं दशरथ मुंशी, महेश गुप्ता, शशिकांत पाठक, सुमेर बड़जात्या, पूजा, पाण्डाल व्यवस्था समिति में बालूराम गुर्जर, श्याम पाण्डेता, ओमप्रकाश डेयरीवाले, पुरूषोतम शर्मा, रमेशचन्द शर्मा, दिनेश आनन्द, सुभाष सोनी, अरविन्द टेलर को, कलश यात्रा समिति में राजेन्द्र सैनी, मोतीलाल काछवाल, अशोक काबरा, एडवोकेट कृष्णकांत जैन, रामअवतार कापड़ी, महावीर चौकायत, जल एवं सफाई व्यवस्था में एडवोकेट पुरूषोतम सैनी, ओमप्रकाश जैन, तथा प्रचार प्रसार समिति में दिनेश विजय, अरूण काबरा, एडवोकेट विनय जैन को रखा गया है।

# महाविद्यालय को रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम कम्प्यूटर विज्ञान की मिली सौगात

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** जिले के सबसे बड़े राजकीय महाविद्यालय टोंक में विद्यार्थी अब कम्प्यूटर विज्ञान व बीबीए की डिग्री प्राप्त कर सकेंगें। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. लोकेश कुमार शर्मा ने बताया कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निर्देशानुसार राजस्थान सरकार ने परिवर्तित बजट घोषणा वर्ष 2024-25 में स्नातक स्तर पर बीबीए (बिजनेस एडमिनिस्टेशन) एवं कम्प्यूटर विज्ञान जैसे नए पाठ्यक्रम शुरू करने की स्वीकृति प्रदान की है। यह दोनों पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के लिये तोहफा है। बीबीए कोर्स व्यवसाय प्रबंधन के क्षेत्र में तीन वर्षीय स्नातक डीग्री कोर्स है। जो बिजनेस क्षेत्र में रूचि रखने वाले विधार्थियों के लिये लाभदायक है। पाठ्यक्रम में विधार्थी फाइनेंस, सेल्स, मार्केटिंग क्षेत्र में दक्षता हासिल कर रोजगार उक्त कोर्स के लिये विधार्थी 20 अगस्त से कॉमन एडमिशन फार्म के माध्यम से ऑफलाईन प्रक्रिया द्वारा प्रवेश ले सकते है। प्रवेश प्रक्रिया 15 दिवस तक चलेगी। महाविद्यालय में प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिये यह अत्यंत लाभकारी अवसर है कि विज्ञान, वाणिज्य और कला में से किसी संकाय में राजकीय महाविद्यालयों में प्रवेश पा चुके है। वे तीसरे वैकल्पिक विषय के रूप में कम्प्यूटर सांइस विषय का चयन कर सकेंगें। यह नई शिक्षा नीति के आधार पर राज्य सरकार द्वारा चलाई गई प्रणाली पर आधारित होगा।

## शिक्षक समय पर नहीं पहुंचने के मामले ने पकड़ा तूल, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दीपीका सैमुअल पहुंची विद्यालय

# लेट आने की मांगी रिपोर्ट, लेट आने वाले शिक्षकों पर नियमानुसार करें कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जोधपुरिया में शिक्षक समय पर नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। मंगलवार को ग्रामीणों ने स्कूल पर तालाबंदी कर अध्यापकों को जमकर खरी-खोटी सुनाई थी। ग्रामीणों ने बताया था कि मंगलवार को विद्यालय मे शिक्षक सत्यनारायण, कमलेश, हरीश व ओमप्रकाश चारो अध्यापक स्कूल के निर्धारित समय से देरी से पहुंचे थे। जिस पर शिक्षकों के देरी से पहुँचने पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई और विद्यालय की तालाबंदी की। इस मामले में बुधवार को सीबीईओ दीपीका सैमुअल ने विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण करके ग्रामीणों से चर्चा की। वही विद्यालय की गतिविधियो के बारे में जानकारी ली। प्रधानाचार्या व ग्रामीणों से शिक्षको के देरी का कारण जानने की जानकारी ली। वही पीईईओ को नियमानुसार कारवाई करने के लिए निर्देशित किया। वही प्रधानाचार्या से सीबीईओ ने शिक्षको के लेट आने की रिपोर्ट मांगी और जानकारी ली कि अध्यापक आदतन लेट आते है या उसी दिन लेट आए है। उन्होंने देरी से आ रहे शिक्षकों पर संबधित पीईओ को नियमानुसार कारवाई के लिए निर्देशित किया है प्रधानाचार्या से भी शिक्षको के लेट आने की रिर्पोट मांगी है।

# आकाशीय बिजली गिरने से एक मरा

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा(नि.स.)।** मालपुरा शहर के दूदू रोड क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से एक जने की मौत हो गई तथा एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे इलाज के लिए मलपुरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मालपुरा शहर में बीति रात्रि आठ बजे के लगभग आकाश में बहुत तेज आवाज में बिजली कड़की। यह आकाशीय बिजली का प्रकोप मुख्य रूप से शहर के दूदू रोड क्षैत्र में देखने को मिला। इस आकाशीय बिजली के गिरने से रामलाल बलाई गंभीर रूप से घायल हो जाने पर मालपुरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सको ने जांच के बाद बलाई को मृत घोषित किया। वहीं इसी आकाशीय बिजली गिरने से इसी क्षैत्र निवासी एक महिला गंभीर रूप से झुलस जाने पर इलाज के लिए मालपुरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# श्रावण महोत्सव की पूर्णाहुति पर श्रद्धालुओ ने आहुतिया देकर की विश्ध कल्याण की कामना

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा (नि.स.)।** गांव में स्थित श्री बद्री विशाल धाम पर श्रावण महोत्सव की पूर्णाहुति के अवसर पर बुधवार को श्री बद्री विशाल सेवा समिति के तत्वावधान में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सैकड़ो श्रद्धालुओ ने सामूहिक हवन कर अच्छी बारिश एवं अमन चैन की कामना की ।

समिति के सदस्य कैलाश बोकण मदन लाल पारीक, लक्ष्मण सिंह कुपावत, राधेगोपाल झालीवाल, गंगाबिशन प्रजापत आदि ने बताया कि ऊं नम: शिवाय महामंत्र का सगींतमय जाप एवं कन्याभोज का आयोजन किया गया। श्रावण महोत्सव के दौरान परंपरागत रूप से श्रद्धालुओ ने कन्याओ के चरण धोए और आरती उतार कर मंत्रोचारण के साथ कन्याओ को भोजन करवाया । इस अवसर पर नाटेश्वर महादेव को जल से शिवलिंग का स्नान करवा कर दूध, दही, शहद,



शुद्ध घी, शक्कर पंचामृत से शिवलिंग को स्नान कराया गया । इसके बाद शिव लिंग पर चन्दन का लैप लगाया जाता हैं तत्पश्चात जनैव अर्पण किया गया । नाटेश्वर महादेव का गंगाजल व दुग्ध से रुद्राभिषेक किया। बैल पत्र, अकाव के फूल, धतूरे का फुल एवं फल चढ़ा कर ? नम: शिवाय मंत्र के जाप किया । भगवान बद्री विशाल एवं नाटेश्वर महादेव की भव्य झांकी सजाई गई । अच्छी बारिश एवं देश में अमन शान्ति के लिए हवन कुण्ड में श्रद्धालुओ द्वारा आहुतियां दी गई ।

सावन के इस उत्सव में सुहागिन औरतों ने भगवान भोले शंकर और माता पार्वती प्रसन्न कर लम्बे वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद लिया। वही अविवाहित कन्याओं ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

# शिवाड कस्बे में नही रहा बन्द का असर, इंटरनेट बन्द होने से परेशान रहे लोग

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा (नि.स.)।** भारत बन्द के आह्वान पर बुधवार को भारत बन्द का असर शिवाड़ कस्बे में नही रहा । यहां सुमचे तरीके से बाजार खुला और सभी गतिविधियां संचालित हुई । हालांकि सुबह सुबह लोगो मे भ्रम था कि अभी कुछ देर बाद मार्केट बन्द हो सकता है मगर किसी भी संगठन ने कोई बन्द नही करवाया और मार्केट पूरे दिन समूचे तरीके से अन्य दिन की तरह खुला रहा । वही संभागीय आयुक्त भरतपुर के आदेश से सवाई माधोपुर जिले में इंटरनेट पर लगाई रोक के चलते लोगो के मोबाइल में इंटरनेट बन्द हो जाने से लोगो को काफी परेशानी हुई ।

लोग दिन भर बिना नेट परेशान दिखाई दिए और जरूरी कार्यो के लिए ईमित्र आदि के चक्कर काटते दिखाई दिये।

## कक्षा दसवीं और बारहवीं के स्ट्रीम 1 एवं स्ट्रीम 2 के लिए पंजीकरण तिथियों में संशोधन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** राज्य सरकार द्वारा छात्र हित को ध्यान में रखते हुए सत्र 2024–25 में कक्षा दसवीं और बारहवीं के स्ट्रीम 1 एवं स्ट्रीम 2 के लिए पंजीकरण तिथियों में संशोधन किया गया है। राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल द्वारा सत्र 2024 – 25 में कक्षा दसवीं और बारहवीं के स्ट्रीम 1 एवं स्ट्रीम 2 के लिए पंजीकरण 01 जुलाई 2024 से ऑनलाइन प्रारंभ हो चुके हैं। इस वर्ष, स्स्ह्व ढ्ढष्ठ के माध्यम से पंजीकरण की प्रक्रिया पहली बार शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि स्ट्रीम 2 के लिए पंजीकरण तिथियां बिना विलम्ब शुल्क 01 जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2024 तक तथा 250 रु. विलंब शुल्क सहित पहले 01 अगस्त 2024 से 16 अगस्त 2024 तक निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर 31 अगस्त 2024 तक कर दिया गया है। इसी प्रकार स्ट्रीम 1 के लिए पंजीकरण तिथियां बिना विलंब शुल्क 01 जुलाई 2024 से 30 सितंबर 2024 तक रखी गई हैं। अभ्यर्थी संशोधित तिथियों के अनुसार अपने ऑनलाइन पंजीकरण के संदर्भ में संबन्धित संदर्भ केन्द्रों से संपर्क कर सकते हैं।

### मिलावट के खिलाफ अभियान

## एसएमएस अस्पताल के बाहर फूड वेंडर्स का निरीक्षण, सड़े हुए फलों का बनाया जा रहा था ज्यूस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशों पर संचालित शुद्ध आहार—मिलावट पर वार अभियान के तहत सवाई मानसिंह अस्पताल के बाहर फूड वेंडर्स के यहां मंगलवार को निरीक्षण कार्यवाही की गई। खाद्य सुरक्षा आयुक्त श्री इकबाल खान के निर्देशन में चिकित्सा शिक्षा विभाग, एसएमएस अस्पताल प्रशासन, खाद्य सुरक्षा विभाग तथा नगर निगम ग्रेटर की विजिलेंस टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई। अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि कार्यवाही के दौरान एसएमएस हॉस्पिटल के बाहर लगे फूड वेंडर्स के फूड लाइसेंस आदि चेक किए गए, जिसमें गंभीर अनियमितताएं मिलीं। जोया फ्रूट एवं जूस सेंटर द्वारा सड़े हुए फलों का रस बनाया जा रहा था। साथ ही फलों के रस में कृत्रिम रंग मिलाया जा रहा था। अन्य वेंडर्स के यहां भी यह अनियमितताएं पाई गईं। साथ ही, वेंडर्स लाइसेंस के विपरीत जाकर सिगरेट, गुटका, तंबाकू आदि बेच रहे थे। नगर निगम द्वारा सड़क एवं फुटपाथ पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने पर सामान जब्त किया गया और चालान की कार्रवाई की गई। साथ ही, भविष्य में अतिक्रमण नहीं करने के लिए पाबंद किया गया। उल्लेखनीय है कि एसएमएस अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्टाफ द्वारा यह अंदेशा व्यक्त किया गया था कि फुटपाथ पर कई लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर व्यवसाय किया जा रहा है। अस्पताल और मेडिकल कॉलेज प्रशासन की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई।

## जेडीए ने हाथोज विस्तार योजना में किया पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के पर्यावरण संरक्षण अभियान को बढावा देने हेतु जेडीए द्वारा हाथोज विस्तार योजना में 6 हजार पौधे लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के हरियालो राजस्थान अभियान व एक पेड माँ के नाम अभियान तथा शहरवासियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के क्रम में जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल के निर्देशन में जेडीए की उद्यानिकी शाखा द्वारा विभिन्न कार्य स्थलों पर नवीन निविदा जारी कर कार्यादेश जारी किये गये है जिनमें हाथोज विस्तार योजना की मुख्य मार्ग, सहायक मार्ग में स्थित मीडियन्स एवं ग्रीनबेल्ट्स क्षेत्र में सडकों के किनारे भिन्न-2 चौडाई की पट्टी एवं अन्य स्थलों में उपलब्ध भूमि पर वृक्षारोपण कार्य प्रारंभ किया गया है। हाथोज विस्तार योजना में सडक किनारे उपलब्ध भूमि पर कुछ स्थानों पर एक एवं दो पंक्ति में थीम आधारित प्रजाति के पौधों का पौधारोपण किया जा रहा है। इस क्षेत्र में कुल 6000 पौधे रोपित किया जाना प्रस्तावित था जिसमें अब तक 2500 पौधें जिसमें नीम, करंज, शीशम, केशियाश्यामा, गूलर, पीलखन, बड़, पीपल आदि पौधों का पौधारोपण किया गया है। इसके अतिरिक्त जविप्रा द्वारा पूर्व में संधारित विभिन्न मीडियन्स, पार्को, ग्रीनबेल्ट व रोड साइड में हुयी गेप फिलिंग के तहत 3500 पौधे व झाडियों को रोपित किया गया है।

## रवि पंडित-001 गैंग का सक्रिय सदस्य और पच्चीस हजार रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** शिवदासपुरा थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर दक्षिण (डीएसटी) ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए रवि पंडित-001 गैंग के सक्रिय सदस्य और पच्चीस हजार रुपये के इनामी बदमाश को पकडा है। जिसके खिलाफ विभिन्न थानों में नौ से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि शिवदासपुरा थाना पुलिस और डीएसटी दक्षिण ने कार्रवाई करते हुए जयपुर दक्षिण के टॉप-टेन में वांछित आरोपित और पच्चीस हजार रुपये के इनामी शशांक गौतम उर्फ शशांक पंडित निवासी चाकसू जिला जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपित शशांक रवि पंडित -001 गैंग का सक्रिय सदस्य है और उसके खिलाफ नौ से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस पूछताछ में आरोपित से कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## चोरों ने सूने मकान को बनाया निशाना 20 हजार की नकदी के साथ लाखों के गहने पार, रक्षाबंधन पर ससुराल गया था पीड़ित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** बसेड़ी थाना क्षेत्र में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए 20 हजार रुपए की नकदी के साथ लाखों रुपए के सोने और चांदी की गहनों को पार कर लिया। ससुराल से लौटने के बाद पीड़ित को चोरी का पता चला। इसके बाद पीड़ित ने थाने पर चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना क्षेत्र के गांधी सर्किल के पास रहने वाले पीड़ित श्याम सिंह पुत्र शंकर सिंह कुशवाहा ने बताया कि वह रक्षाबंधन के पर्व पर अपनी पत्नी को लेकर बाड़ी थाना क्षेत्र में अपनी ससुराल गया था। जहां से लौटने के बाद बुधवार को पीड़ित को घर के मेन गेट का ताला गायब मिला।

### बारह वर्षीय बच्चे का अपहरण मामला : कर्ज उतारने के लिए किया था बच्चे का अपहरण

# दो आरोपितों को बस्सी इलाके से पकड़ा, बच्चे के हाथ-पैर बांधकर एक कमरे में कैद रखा था

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सांगानेर सदर थाना इलाके में मंगलवार शाम को घर के बाहर खेल रहे एक बारह वर्षीय बच्चे के अपहरण के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपितो ने अपना कर्ज उतारने के लिए बच्चे का अपहरण किया था। अपहरण करने के बाद आरोपितो ने बच्चे के हाथ-पांव बांधने के साथ आंखों पर पट्टी बांध कर कमरे में रखा। सीसीटीवी और परिजनों द्वारा एक युवक पर शंका के आधार पर पुलिस आरोपितो का पीछा करते हुए वहां पर पहुंची। जहां पुलिस ने सात घंटे के प्रयासों के बाद आरोपितो को पकड़कर बच्चे को चंगुल मुक्त करवा कर परिजनों को सौंप दिया। थानाधिकारी पूनम चौधरी ने बताया कि घर के बाहर खेल रहे एक बारह वर्षीय बच्चे दिलखुश मीणा उर्फ



अजय निवासी गांव फतेहपुरा सांगानेर सदर के अपहरण के मामले में सचिन मीणा निवासी शिवदासपुरा जयपुर और अशोक मीणा निवासी मलारना डूंगर जिला सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया है। यह घटना सांगानेर सदर थाना इलाके की मंगलवार शाम करीब चार बजे के आस-पास की है और रात 12 बजे पुलिस ने बच्चे को आगरा-दौसा रोड बस्सी थाना इलाके के बासखो पर बने एक कमरे से लेकर आई। पूछताछ में बताया कि आरोपित सचिन मीणा पर कर्ज था और इसे उतारने के लिए दोस्त अशोक मीणा के साथ प्लानिंग बनाई थी और घर के बाहर खेल रहे एक बच्चे दिलखुश मीणा का अपहरण कर आगरा रोड की तरफ ले गए।

इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आस-पास के सीसीटीवी खंगाले। इसमें सामने आया कि सफेद रंग की कार में बदमाश बच्चे को लेकर निकले है। इसके बाद जहां-जहां कार दिखाई दी उस रूट के सीसीटीवी खंगाले। लोकेशन ट्रेस होने पर साइबर सेल दक्षिण की मदद से लोकेशन को ट्रेस किया गया। इधर बस्सी, कानोता और तूंगा के थाना अधिकारी को भी अलर्ट किया गया। बस्सी थाना पुलिस टीम ने आगरा-दौसा रोड की तरफ बांसखो में नाकाबंदी करवाई। नाकाबंदी के दौरान सचिन और अशोक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उन्हें पकड़ लिया। जब दोनों से पूछताछ की तो पता चला कि एक बच्चे का अपहरण कर उन्होंने बांसखो में एक कमरे में छिपा रखा है।

इस पर टीम दोनों बदमाशों को लेकर कमरे पर गई। टीम दोनों आरोपितों एक कमरे पर लेकर पहुंची, जहां नाबालिग को बंधक बना रखा था। यहां पुलिस टीम ने रेस्क्यू का पूरा वीडियो बनाया। दोनों बदमाशों ने नाबालिग के हाथ-पैर बांध कर कमरे पर बंधक बना रखा था। इतना ही नहीं आंखों पर पट्टी और हाथ भी रस्सी से बांधे थे। पूछताछ में सामने आया कि बदमाश सचिन मीणा पीड़ित परिवार का परिचित था। नाबालिग के पिता रेलवे में नौकरी करते हैं। सचिन मीणा ने बताया कि मौज मस्ती के लिए खूब पैसा खर्च किया, जिससे उस पर कर्जा हो गया था। इस कर्ज को उतारने के लिए सचिन ने अशोक के साथ मिलकर पूरी प्लानिंग की थी।

## पुलिस ने जाली नोटों को जखीरा जब्त किया तीन तस्करों को किया गिरफ्तार

### 85 लाख 94 हजार रुपये कीमत के पांच-पांच सौ रुपये के जाली नोट बरामद





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जाली नोट छापने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 85 लाख 94 हजार रुपये कीमत के पांच-पांच सौ रुपये के जाली नोट बरामद किए है। साथ ही उनके पास से पुलिस ने दो प्रिंटर और दो पेपर कटर भी जब्त किया है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपितों ने घर में नोट छापने के उपकरण लगा रखे थे। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जाली नोट छापने वाले प्रेम सैनी (45) निवासी झोटवाड़ा जयपुर,सुरेन्द्र सिंह (50) सहित उसके पुत्र शिवम सिंह (24) निवासी खिरणी फाटक रोड झोटवाड़ा जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिन्होंने अपने घर पर ही जाली नोट छापने के उपकरण लगा रखे थे। पुलिस ने आरोपितों के पास से 85 लाख 94 हजार रुपये कीमत के पांच-पांच सौ रुपये के जाली नोट सहित दो प्रिंटर और दो पेपर कटर भी जब्त किया है। पुलिस आरोपितों यह पूछताछ करने में जुटी है कि उन्होंने यह नोट कहां-कहां और किस-किस को दिए है और साथ ही इस मामले में और कौन-कौन शामिल है। सम्भवत पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे होने की आशंका है।

# कलेक्शन एजेंट से लाखों रुपये की लूटपाट करने वाले गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** बजाज नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम पूर्व उत्तर(डीएसटी) ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 19 अगस्त को दूध डेयरी बूथ कलेक्शन एजेंट से लाखों रुपये की लूटपाट करने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से पांच लाख 56 हजार रुपये की नकदी भी बरामद की है। साथ ही वारदात में प्रयुक्त चौपहिया वाहन भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। इस वारदात में शामिल एक अन्य आरोपित फरार चल रहा है जिसकी तलाश की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि बजाज नगर थाना इलाके में 19 अगस्त को सरस दूध डेयरी बूथ कलेक्शन एजेंट फुरकान अली से लाखों रुपये की लूटपाट करने के मामले में बजाज नगर थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने कार्रवाई करते हुए रोशन राठौड़ निवासी खानिया बंधा आगरा रोड जयपुर और सुरेश सिंह उर्फ नंदू राठौड़ निवासी झालाना डूंगरी गांधी नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है और साथ इनका एक अन्य साथी हरीश सोलंकी फरार चल रहा है। जिसकी सम्भावित ठिकानों पर दबिश मार तलाश की जा रही है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित सुरेश उर्फ नंदू की झालाना में सरस डेयरी का बूथ है। जिस पर पीड़ित फुरकान अली कलेक्शन करने के लिए आता-जाता था। इस कारण से आरोपित सुरेश सिंह को फुरकान की पूरी जानकारी रहती थी। इस पर आरोपित सुरेश सिंह ने अपने चचेरे भाई रोशन राठौड़ को पांच महीने पहले यह जानकारी दी। इसके बाद इस वारदात को अंजाम देने के लिए दोनों आरोपितों ने एक अन्य आरोपित हरीश सोलंकी को मिलाया और कलेक्शन एजेंट की रैकी कर ज्यादा पैसों के कलेक्शन का इंतजार करते रहे। आरोपितों को मालूम पडा है कि 19 अगस्त को रक्षाबंधन है और इस दिन अधिक दूध की ब्रिकी होने के कारण काफी कनेक्शन हो सकता है। इस पर आरोपितों ने 19 अगस्त को कलेक्शन एजेंट फुरकान अली का पीछा करते हुए बजाज नगर थाना इलाके में स्थित एली कॉलोनी के पास आते हुए उसकी बाइक के टक्कर मार कर गिरा दिया और फिर पैसों से भरा बैग लूट कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेकर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों को चिन्हित करते हुए पकड़ा है।

### राज्यपाल श्री बागडे का छत्रपति संभाजी नगर में हुआ भाव-भरा अभिनंदन

## यह मेरा नहीं आम-जन का सम्मान है, गांव-गरीब के लिए सदा समर्पित होकर कार्य करता रहूंगा : राज्यपाल बागडे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे का बुधवार को छत्रपति संभाजी नगर में सहकार महर्षि के रूप में महाराष्ट्र के डेयरी और राजस्व मंत्री श्री राधाकृष्ण विखे पाटील के मुख्य आतिथ्य में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि गणों, गणमान्य जनों, सहकारिता आंदोलन से जुड़े विशिष्ट जनों आदि ने सार्वजनिक रूप में अभूतपूर्व अभिनंदन किया।

श्री बागडे भी इस दौरान भावुक हो उठे और उन्होंने कहा कि वह डेयरी, पशुपालन और सहकारिता के जरिए गांव-गरीब के लिए सदा समर्पित होकर कार्य करते रहेंगें। उन्होंने अपने अभिनंदन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह मेरा नहीं जनता का सम्मान है। गोवर्धन दुग्ध सहकारी संस्था के स्वर्ण जयंती महोत्सव पर आयोजित अभिनंदन समारोह में महाराष्ट्र के दुग्ध पालकों और सहकारिता आंदोलन से जुड़े विशिष्ट जनों ने उनका अभिनंदन करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में डेयरी और पशुपालन को श्री बागडे ने गति ही प्रदान नहीं की बल्कि इसके जरिए गरीब और गांव




के लोगों को आजीविका के साथ सम्मान से रहने की दृष्टि प्रदान की है। श्री बागडे के अभिनंदन समारोह में उनके द्वारा स्थापित गोवर्धन दुग्ध सहकारी संस्था के इतिहास की चर्चा करते हुए यह भी कहा गया कि ऐसे दौर में जब दुग्ध उत्पादन सहकारी आंदोलन नहीं बना था, तब देश में दुग्ध उत्पादन और विपणन के जरिए पशुपालकों और किसानों की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का महती कार्य उन्होंने किया। समारोह में राज्यपाल श्री बागडे का भाव-भरा अभिनंदन करते हुए उनके द्वारा जनहित में कृषि, पशुपालन और डेयरी से राजस्व प्राप्ति के लिए गांव-गरीब के लिए किए कार्यो का विशेष रूप से स्मरण किया गया।

## बंद से प्रदेश में 145 करोड़ का कारोबार प्रभावित : फोर्टी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, ( का.स. )।** एसटी-एससी संगठनों की ओर से बंद का राजस्थान में भी व्यापक असर देखने को मिला। इस बंद के कारण प्रदेशभर में औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियां ठप हो गईं। फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी ) ने पूरे प्रदेश में अपनी सभी जिला शाखाओं से व्यापार पर बंद के असर से सम्बन्धित आंकड़े संकलित किए। अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल का कहना है कि इस बंद का स्थाई व्यापार पर ज्यादा असर नहीं होगा, कपडे, राशन, गहनें, वाहन जैसी वस्तुओं को ग्राहक अगले दिन खरीद लेते हैं, लेकिन अस्थाई व्यापार पर बंद का असर ज्यादा पड़ता है। इससे रोजमर्रा के कामगारों का रोजगार ठप हो गया। खास बात है कि इनमें ज्यादातर लोग एससी- एसटी वर्ग के ही हैं। इनमें डिलिवरी बॉय, कैब और ऑटो चालक, रेहड़ी , खोमचे, सब्जी विक्रेता, ढाबे और छोटे रेस्टोरेंट का व्यापार एक दिन के लिए ठप रहा। इसलिए किसी भी संगठन द्वारा राजनीतिक उद्देश्यों के लिए बाजार को बंद कराना और लाखों लोगों के रोजगार पर कुठाराघात करने का फोर्टी विरोध करता है।

**ऑनलाइन डिलीवरी सेवाएं :** लगभग 70प्रतिशत प्रभावित , अनुमानित नुकसान 50 करोड़ रुपये ।

**कैब और ऑटो चालक :** 60प्रतिशत तक प्रभावित, अनुमानित नुकसान 35 करोड़ रुपये ।

**रेहड़ी पटरी और सब्जी विक्रेता :** 20 करोड़ रुपये का नुकसान।

**होटल और रेस्टोरेंट :** 40 करोड़ रुपये का नुकसान। कुल मिलाकर, इस बंद से राज्य में 145 करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार और लाखों लोगों की आजीविका प्रभावित हुई है ।

## हवाई जहाज के ईंधन से भरे ऑयल टैंकर के ट्रेलर ने मारी टक्कर

### डीजल समझकर टैंकर से लिकेज हो रहे ऑयल को बाल्टी व बोतलों में भर ले गये लोग

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे से होकर गुजर रहे दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय के सामने सर्विस लेन पर बुधवार अल सुबह करीब 06.30-07.00 बजे हवाई जहाज के ईंधन एवीएशन टरबाईन फ्यूल (एटीएफ) भरकर ले जा रहे भारत पैट्रोलियम के ऑयल टैंकर को पीछे से आ रहे एक टैंकर ने टक्कर मार दी। जिससे टैंकर में छेद होने से एटीएफ का रिसाव शुरू हो गया। क्षतिग्रस्त टैंकर के मौके पर ही खड़े हो जाने से वहाँ जाम लग गया एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग इसे डीजल समझकर बोतल व बाल्टी में भरकर ले जाने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस व नगर परिषद फायर बिग्रेड की टीम ने उक्त क्षतिग्रस्त टैंकर को डाबला रोड़ स्थित त्रिवेणी नगर के एक खाली खेत में खड़ा करवाकर टैंकर को खाली करवाते हुये भारत पैट्रोलियम के उच्चाधिकारियों को सूचना दी। किसी भी प्रकार की गंभीर स्थिति से निपटने के लिये मौके पर नगर परिषद द्वारा दो दमकल भी खड़ी करवाकर पुलिस जाप्ता भी तैनात किया गया। साथ ही टैंकर पर पानी भी डाला गया। उल्लेखनीय है कि हवाई जहाज का ईंधन एटीएफ अत्यंत ज्वलनशील होता है। गनीमत यह रही कि घटना के वक्त इसमें आग नहीं लगी, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। बताया जा रहा है कि उक्त टैंकर दिल्ली से राजस्थान के फलौदी जा रहा था।

### तीन वर्ष पूर्व हुआ था बड़ा हादसा

उल्लेखनीय है कि इसी राजमार्ग की सर्विस लेन पर तीन वर्ष पूर्व केमिकल से भरा एक टैंकर क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसका केमिकल रिसकर सर्विस लेन के नाले में जमा हो गया था। जिसमें आग लगने से यहाँ बड़ा हादसा भी हो गया था।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ बुधवार को एससी/ एसटी संगठनो द्वाराभारत बन्द शान्तुपूर्ण रहा

बढ़ता राजस्थान



**फुलेरा (नि.स.)।** राज्यों को उपवर्गीकरण का अधिकार देने और क्रीमीलेयर को आरक्षण के फायदे से चिन्हित कर बाहर करने के सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले को लेकर बुधवार को अनुसुचित जाती-जन जाती आरक्षण बचाओ संघर्ष समिती द्वारा आयोजित भारत बन्द शान्तीपुर्ण रहा। बन्द समर्थक कस्बे के जोबनेर रोड स्थित गरीब साहेब आश्रम पर एकत्र होकर बालाजी बाई पास होते हुये, इन्द्रा बाजार हलवाई बाजार,राज बाजार बस स्टेण्ड होते हुये रैली निकाली जो पांचबत्ती चोराहे पर जाकर समप्त हुई। इस बीच कस्बे के सभी व्यापारीयो ने स्वत ही अपनेअपने प्रतिष्ठान बन्द रखकर बन्द को सफल किया। इस बीच बन्द समर्थको ने फुलेरा बन्द सफल होने पर व्यापार महासंघ का आभार व्यक्त किया। बन्द के दोरान पुलिस प्रशासन पुरी तरह से मुस्तैद रहा।

# अनुसूचित जाति व जनजाति के भारत बन्द आव्हान के तहत ब्यावर शान्तिपूर्ण बन्द रहा

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णुदत्त धीमान)।** अनुसूचित जाति व जनजाति के आरक्षण सम्बन्धी मामले में छेड़खानी के विरोध में घोषित भारत बंद का ब्यावर में पूर्ण रूप से असर देखने को मिला। ब्यावर के मुख्य बाजार चांग गेट से एकता सर्किल, अजमेरी गेट से मेवाडी गेट पर लगभग दुकाने पूरी तरह से बंद थी। पुलिस के गश्ती दल के अलावा भीम सेना के कार्यकर्ता अपने-अपने दुपहिया वाहनों पर घूम रहे थे और वहीं जय भीम के उदघोष के साथ छोटी-मोटी खुली दुकानों को बंद करवा रहे थे। ब्यावर के बाहरी क्षेत्रों में भी बंद का लगभग पूरा असर देखने को मिला। स्कूलों में सन्नाटा पसरा था वहीं प्राइवेट स्कूलों में अध्यापकों की उपस्थिति दर्ज हो रही थी। आवश्यक सेवाओं में मेडिकल, पेट्रोल पम्प आदि सुबह से ही खुले हैं और भीम सेना का माईक शहर में घुम-घुम कर बंद को सफल बनाने में लगा हैं। अनुसूचित जाति व जनजाति के एक वर्ग द्वारा प्रस्तावित भारत बन्द के तहत ब्यावर को भी बन्द रखा गया हैं। सुबह से ही भीम सैनिकों के कार्यकर्ता नीले ध्वज के साथ गांधी सर्किल से विभिन्न टुकडियों में अलग-अलग गली मौहल्लों के लिये कुच कर रहे थे। एकता सर्किल पर बन्द के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों से सब्जी आदि लेकर आये कुछ काश्तकारों द्वारा जमावडा लगने के कारण भीम सैनिकों की बाईक की आवाज सुनते ही अपनी-अपनी हरी सब्जियों को समेटकर इधर उधर भागते नजर आयें। रोडवेज बस स्टेण्ड पर भी सन्नाटा छाया हुआ हैं। बाहर जाने वाले यात्री बसों की प्रतिक्षा में खडे हैं। ट्रेन सेवाएं बदस्तूर जारी हैं लेकिन रेलवे स्टेशन के बाहर बनी दकानों को इक्की दुक्की खुली होने पर उन्हें भीम सैनिकों द्वारा बन्द करवा दिया गया हैं। शहर के चांग गेट पर सुबह से ही अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों का जमावडा लगा हुआ हैं और पूरे शहर का संचालन चांग गेट गांधी सर्किल से किया जा रहा हैं। हालांकि एक दो दिन पहले ही बन्द को लेकर शहर में शान्तिपूर्ण तरीके से व्यापारियों व उद्योगपतियों को आगाह कर उनसे सहयोग मांगा और उसी सहयोग के तहत व्यापारियों ने आज बाजार पूरी तरह से बंद रखे हैं। बंद के दौरान गली मौहल्लों की तमाम दुकाने बन्द रहीं। इस बन्द में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने समर्थन देकर सफल बनाया हैं। दोपहर 3 बजे सभी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, भीम सेना के कार्यकर्ता बन्द को लेकर सभी व्यापारियों का व उद्योगपतियों का व शहरवासियों को आभार व्यक्त करते हुए जय भीम के उदघोषों के साथ जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के नाम जिला कलेक्टर उत्सव कौशल को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में अनुसूचित जाति व जनजाति के आरक्षण में क्रिमीलेयर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर विरोध जताते हुए इसे लागू नहीं करने व किसी भी तरह को कोई संशोधन आदि ना करने की मांग की।







## गंगापुर में भारत बंद का दिखा व्यापक असर, अंबेडकर विचार मंच पदाधिकारियों ने निकाली रैली

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर/भीलवाडा (नि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण के वर्गीकरण के निर्णय के विरुद्ध एससी एसटी संगठनों द्वारा बुलाए गए भारत बंद का सहाड़ा के गंगापुर कस्बे में व्यापक असर देखने को मिला है । संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष संजय रुईया ने बंद को पूर्ण समर्थन दिया और प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की अंबेडकर विचार मंच अध्यक्ष ओम प्रकाश चंदेल की अगुवाई में मंच के पदाधिकारीयो ने शिवरती दरवाजा से रैली निकालकर उपखंड कार्यालय में राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया रैली के दौरान बड़ी संख्या में मंच के पदाधिकारीयो द्वारा नारेबाजी की गई और शांतिपूर्वक प्रतिष्ठान बंद करवाए गए ।दोपहर 12 बजे के बाद बंद बाजार पूर्व की भांति ही खुल गए। बंद के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन हर वक्त अलर्ट मोड पर नजर आया। इस अवसर पर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर विचार मंच गंगापुर के अध्यक्ष ओमप्रकाश चंदेल, पूर्व अध्यक्ष जगदीश चंद्र जीनगर, उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र रेगर, उपाध्यक्ष चैनसुख जीनगर , महासचिव जगदीश बुलिवाल, शिव लाल चन्देल, पूर्व महासचिव मदन लाल जीनगर, योगेश कुमार चंदेल, नवरत्न चंदेल, रेगर सेवा संस्थान गंगापुर के अध्यक्ष कैलाश चंद्र रेगर, विनोद बुलीवाल, कोषाध्यक्ष नवरत्न बैरवा, सज्जन देवी बैरवा, बालकिशन चन्देल, किशन रेगर , चिरंजीवी रेगर , श्याम लाल बैरवा , पुष्पैन्द्र बुलिवाल , मनोहर बैरवा, रोशन लाल सालवी, शिवलाल जीनगर, श्रवण लाल रेगर, ईश्वर लाल रेगर , आनन्द श्रमण बौद्ध, महेश दायमा, राकेश सोलंकी, चेतन दायमा , देवकिशन बलाई आदि अम्बेडकर विचार मंच के कार्यकर्ता ओर कई अंबेडकरवादी उपस्थित थे।

## बाइक सवार बदमाश दो महिलाओं के गले से सोने की चेन-मंगलसूत्र तोड़ ले गए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** शहर में बाइकर्स गैंग ने आतंक मचा रखा है। कमिश्नरेट पुलिस इस गैंग पर लगाम नहीं लगा पा रही है। अलग-अलग स्थानों पर बाइकर्स गैंग ने दो महिलाओं के गले से सोने की चेन और मंगलसूत्र तोड़ लिए। पुलिस के अनुसार विनायक विहार दादू दयाल नगर निवासी योगिता नानवानी ने बजाज नगर थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह 18 अगस्त की रात करीब सवा दस बजे बाजार से स्कूटी पर घर जा रही थी। आंच अस्पताल के पास पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तथा मंगलसूत्र तोड़कर ले गए। इस अप्रत्याशित घटना में वह कुछ समझ पाती, तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गए। हालांकि पीड़िता ने बदमाशों का पीछा करने का प्रयास किया था ।दूसरी घटना में रजत पथ निवासी शालिनी शर्मा ने शिप्रापथ थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह अपने पति के साथ स्कूटर से घर जा रही थी। महारानी फार्म दुर्गापुरा पुलिया के पास पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन तोड़कर ले गए। इस अप्रत्याशित घटना में बुजुर्ग महिला कुछ समझ पाती तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महंत ने सिक्योरिटी गार्ड को शराब पार्टी करते पकड़ा, किया पुलिस के हवाले

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अजमेर रोड पर सोडाला स्थित प्राचीन मंदिर बैकुंठ नाथ में सिक्योरिटी गार्ड को महंत ने शराब पार्टी करते हुए रंगे हाथों में पकड़ा। लोगों में आक्रोश देखकर महंत ने पुलिस को जानकारी दी। इस पर सोडाला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चार सिक्योरिटी गार्ड को मंदिर परिसर में शराब पार्टी करने पर गिरफ्तार कर लिया। महंत दीनानाथ शर्मा ने बताया कि मंदिर की जमीन को लेकर विवाद कोर्ट में चल रहा है। गोपाल लाल धामाणी द्वारा मंदिर परिसर में जबरन सिक्योरिटी गार्ड लगा रखे हैं। मंगलवार को मंदिर पर मौजूद कुछ महिलाओं ने सिक्योरिटी गार्डों के द्वारा शराब पीकर इधर उधर घूमने की जानकारी दी। इस पर दीपनाथ शर्मा सिक्योरिटी गार्ड के रूम पर पहुंचे, जहां पर वे शराब पार्टी कर रहे थे। इसे लेकर जब उन्हें रोका गया तो उन्होंने मंदिर के महंत और अन्य लोगों के साथ बदतमीजी की। इस दौरान मंदिर में दर्शन करने आई महिलाएं भी मौजूद थीं। मंदिर महंत दीनानाथ शर्मा ने इस सम्बंध में पुलिस कंट्रोल रूम को जानकारी दी। सोडाला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सिक्योरिटी गार्ड के रूम से शराब की बोतल और गंदी वस्तु बरामद की। इसके बाद सिक्योरिटी गार्ड को पुलिस ने शांतिभंग में गिरफ्तार किया।

## उदयपुर के एकलिंगजी मन्दिर में तैनात गार्ड ने न्यायिक अधिकारी के साथ किया दुरव्यवहार, गिरफ्तारी की मांग

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णुदत्त धीमान)।** गत दिनों सोशल मीडिया पर उदयपुर के एकलिंगजी मन्दिर में एक न्यायिक अधिकारी के साथ मन्दिर के सुरक्षा गार्ड द्वारा अभद्रतापूर्वक मारपीट किये जाने वाला वीडियों वायरल होने के बाद उसमें जिस न्यायिक अधिकारी के साथ दुरव्यवहारकिया जा रहा था उसका खुलासा होने के साथ ही ब्यावर के विप्र समाज ने आक्रोश व्यक्त किया हैं। साथ ही उनके सगे सम्बन्धी व ब्यावरवासियों ने इस घटना की जमकर निन्दा की और मन्दिर के तथाकथित गार्ड के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। ब्यावर के निवासी न्यायिक सेवा से सेवानिवृत्त शिव शंकर शर्मा के पुत्र सिद्धार्थ शर्मा जो कि न्यायिक अधिकारी है वह अपने परिवार के साथ एकलिंगजी महाराज मन्दिर में बगैर वीआईपी प्रोटोकॉल के सामान्य कतार में प्रवेश करने की प्रतिक्षा में खड़े थे। इसी बीच वहीं पर तैनात सुरक्षा गार्ड ने भक्तों के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, जिस पर न्यायिक अधिकारी सिद्धार्थ शर्मा ने श्रद्धालुओं को कहे जाने वाले अपमानजनक आचरण का विरोध करते हुए तैनात गार्ड को ऐसा ना कहने को कहा। इससे गुस्से में आकर सुरक्षा गार्ड ने न्यायिक अधिकारी और परिजनों पर हमला कर दिया। मन्दिर के दूसरे गार्ड भी उन न्यायिक अधिकारी के साथ मारपीट करने लगे और जब इस मामले की शिकायत सम्बन्धित थाने में लेकर पहुंचे तो भी पुलिसकर्मियों ने उचित कार्यवाही ना कर केवल मन्दिर प्रशासन को सहयोग किया। उक्त घटना को लेकर ब्यावर के स्थानीय विप्र समाज के लोगों में भारी रोष व्याप्त है वहीं जिला बार एसोसिएशन ने मोर्चा खोला है। ब्यावर बार के अध्यक्ष चन्द्रविजय के नेतृत्व में जिला कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा गया हैं। जिला कलेक्टर को सौंपे गये ज्ञापन में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि आरोपी गार्ड की अविलम्ब गिरफ्तारी की जाये वहीं पार्षदों, विप्र समाज के पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं और शहर के कई गणमान्य नागरिकों ने इस घटना पर रोष व्यक्त करते हुये सुरक्षा गार्ड के अशोभनीय आचरण की निन्दा करते हुये तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की हैं।

## भारत बंद के आह्वान पर गोविंदगढ़ के बाजार बंद : एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कार्ट के फैसले का विरोध

बढ़ता राजस्थान

**गोविन्दगढ़/अलवर।** अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षण में क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कार्ट के फैसले के विरोध में बुधवार को भारत बंद के तहत गोविंदगढ़ में बाजार बंद रहे। इस दौरान एक सभा का आयोजन किया गया। साथ ही रैली निकाली गई। एक दिन पहले ही प्रशासन ने सभी विद्यालयों, कॉलेजों की छुट्टी की घोषणा कर दी थी। वहीं व्यापारी भी बंद के दिन प्रतिष्ठान नहीं खोलने का आश्वासन दे चुके थे। कस्बे में सबसे पहले कचौरी समोसे की दुकानें खुलती हैं। जो पूरी तरह से बंद हैं।

## पैदल मार्च कर आक्रोश रैली निकाली, कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

### आरक्षण के मुद्दे को लेकर भारत बंद का आह्वान



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** आरक्षण के मुद्दे को लेकर भारत बंद के आह्वान पर बुधवार को टोंक मैं शांति पूर्ण बंद रहा। विभिन्न दलित संगठनों ने करीब साढ़े तीन किलोमीटर पैदल मार्च कर आक्रोश रैली निकाली और सांसद हरीश मीना के नेतृत्व मैं जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। बंद के दौरान शहर के बाजार और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बल तैनात रहे।

कोई अप्रिय घटना न घटे इसके लिए जिला प्रशासन ने सभी शिक्षण संस्थानों मैं छुट्टी करवा दी थी। किसी भी मार्ग पर यातायात बाधित नहीं हुआ।

## ग्राम पंचायत की उदासीनता के चलते पांच दिनों से नही हुई सफाई, सफाई कर्मचारी हड़ताल पर, आमजन परेशान

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के ग्राम पंचायत चौमहला में सफाई व्यवस्था ,चरमराकर ध्वस्त हो चुकी है ,पिछले पांच दिनों से सफाई कर्मचारी हड़ताल पर है ,रक्षाबंधन का त्योहार पर कस्बे में अच्छी खासी रौनक बनी रही ,लेकिन कस्बे में हर गली मोहल्ले में गंदगी व कचरे के ढेर लगे रहे ,जिसको आवारा पशुओं द्वारा बिखेरने से फैली बदबू से नागरिको का बुरा हाल हो रहा है ,व बरसात का मौसम होने से मच्छरों के प्रकोप भी बढ़ गया है ,जिससे मलेरिया व डेंगू जैसी मच्छर जनित बीमारिया बढ़ने की आशंका है ,प्रधान मंत्री के अभियान स्वच्छ भारत की धज्जियां उड़ रही है ,साल में कितनी ही बार सफाई कर्मी हड़ताल पर उतर चुके है ,व कई बार कस्बा अंधेरे में डूब चुका है ,बिल जमा नही होने से बिजली कनेक्शन कट चुके है लेकिन जन प्रतिनिधि ,व जिम्मेदार अधिकारियो द्वारा ध्यान नही देने के कारण समस्याओं का स्थायी हल नही हो पा रहा है ,ग्राम पंचायत के सचिव उम्मेद सिंह का कहना है ,सफाई कर्मचारियों का वेतन दिया जा चुका है ,लेकिन सफाई कर्मचारी वेतन बढ़ाने की मांग पर अड़े हुवे है ,और वार्ता के लिए भी नही आ रहे है ,वैकल्पिक व्यवस्था में हाल फिलहाल एक दो दिनमे ट्रेक्टर ट्राली चलवाकर ,नागरिको से कचरा ट्रॉली में डालने की अपील की जाएगी ,शीघ्र ही समस्या हल हो जाएगी।



## पूर्व जेडी (पीआर) दिनेश चंद्र सक्सेना के निधन पर जताया शोक

बढ़ता राजस्थान



**चूरू( सुरेश शर्मा )।** जनसम्पर्क विभाग के सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक दिनेश चंद्र सक्सेना के आकस्मिक निधन पर पत्रकारों एवं जनसंपर्क कर्मियों ने संवेदना जाहिर की है। एडीपीआर कुमार अजय ने सक्सेना के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सक्सेना का निधन पत्रकारिता एवं जनसम्पर्क के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति है। एपीआरओ मनीष कुमार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी रामचंद्र, सीताराम जांगिड़, वरिष्ठ सहायक मंगेज सिंह, सूचना सहायक धर्मपाल सिंह, जसवंत सिंह मेड़तिया, संजय गोयल, बजरंग मीणा, विजय रक्षक, होम गार्ड नौरंग लाल, अजय चांवरिया आदि ने सक्सेना के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक दिनेश सक्सेना का बुधवार को बीकानेर में निधन हो गया। वे लगभग 68 वर्ष के थे। सक्सेना पिछले दो तीन-दिन से अस्वस्थ थे। बुधवार सुबह सांस लेने में तकलीफ होने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। सक्सेना के निधन की खबर सुनते प्रशासनिक और मीडिया जगत में शोक की लहर छा गई। सक्सेना बेहद मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। वे जनसंपर्क विभाग में विभिन्न पदों पर रहे। वहीं स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में जनसंपर्क अधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं दी। सक्सेना का अंतिम संस्कार गुरुवार को परदेसियों की बगीची में होगा।

## ब्यावर जिला व्यापार संघ के सदस्य बंद के दौरान व्यापारियों की सुरक्षा में तैनात रहे



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णुदत्त धीमान)।** ब्यावर जिला व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय घीया के नेतृत्व में व्यापारियों की सुरक्षा के लिये 5 टीमें गठित कर अलग-अलग स्थानों पर व्यापारी संघ की सुरक्षा में तैनात की गई और यह टीमें शहर के विभिन्न हिस्सों में घूम-घूम कर ब्यावर बन्द कराने वाले अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों को समझाईश कर यदि कोई दुकान खुली रह भी गई तो उसको बन्द कराने का प्रयास किया गया।

इस बीच शहर के व्यापारी एक दूसरे को मदद कर एक दुसरे की सुरक्षा की। जानकारी के अनुसार एससी एसटी आरक्षक वर्गीकरण को लेकर दलित समाज द्वारा बुलाये गये भारत बन्द के तहत ब्यावर बन्द के दौरान किसी व्यापारी के साथ कोई अप्रिय घटना ना घट जाये उसको मध्यनजर रखते हुये जिलाध्यक्ष श्री घीया द्वारा गठित पाँचों टीमें शहर के विभिन्न हिस्सों में घूमकर व्यापारियों की कुशलक्षेम पुछ रही थी। इस बीच गली कुचों में इक्की दुक्की दुकानों को बन्द कराने आये दलित समाज के लोगों को विश्वास दिलाकर उन दुकानों को भी बन्द करवा दिया गया।

## सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में भारतीय दूरसंचार सेवा अधिकारी के खिलाफ किया मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को आय से अधिक संपत्ति (डीए) रखने के आरोप में भारतीय दूरसंचार सेवा अधिकारी और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया और साथ ही टीम को तलाशी के दौरान 2.5 लाख रुपये नकद बरामद किए है। जानकारी के अनुसार केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में अपने (भारतीय दूरसंचार सेवा 1999) अधिकारी कुंज बिहारी शर्मा और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि आरोपित कुंज बिहारी शर्मा ने राजस्थान में काम करते हुए अपने और अपने परिवार के सदस्यों (पत्नी), (माँ) और एचयूएफ कंपनी के नाम पर जयपुर,अजमेर और राजस्थान के अन्य विभिन्न स्थानों पर संपत्ति अर्जित की। इसके अलावा अपने तथा अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर 1,48,83,998 रुपए की संपत्ति अर्जित की थी, जो एक जनवरी 2014 से 31 जनवरी 2017 की अवधि के दौरान उसकी आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक थी। साथ ही सीबीआई की टीम ने आरोपित के जयपुर, अजमेर और अहमदाबाद (गुजरात) सहित पांच स्थानों पर उसके आधिकारिक और आवासीय परिसरों की तलाशी ली गई। जिसमें टीम को अजमेर स्थित उसके आवास से आपत्तिजनक दस्तावेज और 2.5 लाख रुपए बरामद हुए।

## चूरू बंद को कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारीयों ने दिया समर्थन



बढ़ता राजस्थान

**चूरू (नि.स.)।** माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा स्ष्ट/स्ज्ञ आरक्षण में क्रीमीलेयर व उप वर्गीकरण को लेकर दिए गए फैसले के विरोध में चूरू के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग ने बुधवार 21 अगस्त को भारत बंद का आह्वान किया है, जिसमें कांग्रेस नेता एडवोकेट सद्दाम हुसैन, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष शोयल खान डीके, पार्षद प्रतिनिधि अजीज खान दिलावरखानी, पार्षद प्रतिनिधि खालिद कुरैशी, पार्षद सम्मी उल्लाह, पार्षद प्रतिनिधि असलम खान मोयल, पार्षद प्रतिनिधि हुस्ना बानो, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष वसीम चौहान, अजीज गौरी, अब्दुल्लाह कुरैशी, युनुस खान ताली, अल्ताफ रंगरेज सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारीयों ने रैली में पहुंचकर समर्थन दिया ।

## भागवत जीने का सार, संवेदनशील समाज के निर्माण की कुंजी- उत्तम स्वामी महाराज

बढ़ता राजस्थान

**जहाजपुर/टोंक।** महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी महाराज ने गो सेवा और संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक सनातनी परिवार को गो सेवा का दायत्व निभाना चाहिए। यहां बारह देवरा में चल रही भागवत कथा के दूसरे दन बुधवार को हजारों श्रद्धालुओं को सम्बो धत करते हुए महामंडलेश्वर ने कहा कि अगर हमें राष्ट्र में खुशहाली लानी है तो गोमाता का संरक्षण करना होगा। उन्हें यों ही सड़कों पर बैठने-भटकने नहीं देना है। महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी महाराज ने आज भागदौड़ भरी जन्दगी में घटती नैतिकता और मूल्यों को बचाने का जक्र करते हुए कहा क भागवत कथा जीवन का संवधान है, इसका अनुसरण कया जाए तो मानव आदर्श जीवन जी सकता है, और नए सामज का नर्माण कर सकता है।

**स्कूली बच्चों कों देंगे संस्कारों की सीख**



कथा आयोजन से जुड़े भंवरलाल टांक ने बताया क भावी पीढ़ी यानी बच्चों में अच्छे संस्कारां के नर्माण और उन्हें सीख देने के लए महाराज कथा के तीसरे दन गुरुवार को स्कूली बच्चों से संवाद करेंगे। कथा के दौरान काफी संख्या में स्कूली बच्चों को भी आमिन्त्रत कया गया है। बुधवार को कथा के प्रारम्भ होने से पहले वधायक गोपीचंद मीना, भंवर टांक, प्रधानपति कशोर शर्मा, बाल न्यायालय की पूर्व जज सावित्रि व्यास, कैलाश व राजेन्द्र टांक, रामप्रसाद टांक, कमल बांगड़,हेमजी सुल्तानया, अरविंद व्यास ने माला पहना और पुष्प गुच्छ भेंटकर महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी महाराज का स्वागत-अभिनन्दन किया गया।

## बारिश से बचने के लिए बैठा था ट्रेलर के नीचे, ट्रेलर चालक ने कुचला

**जयपुर।** मानसरोवर थाना इलाके में बुधवार को हुई बारिश से बचने के लिए एक युवक ट्रेलर के नीचे बैठ गया। इसी दौरान चालक टेलर को स्टार्ट करके रवाना हो गया। इससे ट्रेलर के पीछे के टायरों के नीचे आने से एक युवक की मौत हो गई। यह घटना नारायण विहार बजरंग मंडी की है। मामले की जांच पड़ताल सड़क दुर्घटना थाना दक्षिण की ओर से की जा ही है। पुलिस के अनुसार बुधवार शाम चार गजसिंहपुरा मानसरोवर का रहने वाला 36 वर्षीय युवक शंकर लाल बारिश से बचने के लिए ट्रेलर के नीचे बैठा था। इसी दौरान चालक ने ट्रेलर स्टार्ट कर रवाना हो गया। इससे ट्रेलर के पीछे के टायरों के नीचे आने से शंकर लाल की मौत हो गई। इस हादसे के बाद चालक ट्रेलर लेकर फरार हो गया। सड़क पर शव देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

# आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के आह्वान पर शहर में हुआ विरोध प्रदर्शन
# व्यापारियों ने किया सहयोग, जुलूस निकलने तक बाजार रहा बंद

### सैकड़ो युवाओ के साथ संघर्ष समिति का विरोध प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षण में क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कार्ट के फैसले के विरोध में बुधवार को भारत बंद के तहत बाड़ी में बाजार बंद रहे। इस दौरान शहर के महाराणा प्रताप खेल मैदान में संघर्ष समिति के लोग और पदाधिकारी एकत्रित हुए और सैकड़ो युवाओ के साथ शहर में रैली निकाली और राष्ट्रपति के नाम एसडीएम राधेश्याम मीणा को ज्ञापन सौपा।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा एसटी एससी आरक्षण संबंधी संशोधन को दिए वक्तव्य के बाद मंगलवार को आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति द्वारा भारत बंद का आव्हान किया गया। ऐसे में शहर का अधिकांश बाजार कानून व्यवस्था खराब ना हो उसको लेकर सुबह से ही बंद रहा। ग्यारह बजे के करीब महाराणा प्रताप खेल मैदान से संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष किशन सिंह मीणा और अन्य पदाधिकारियों के साथ सैकड़ो युवा हाथो में तख्तियां लिए बाबा साहिब अम्बेडकर के नारे लगाते हुए और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में निकले और शहर के मुख्य बाजार में होते हुए किला परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां एसडीएम राधेश्याम मीणा को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया और आरक्षण में छेड़छाड़ को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी दी।

**एसपी धौलपुर रहे शहर में गश्त पर :** आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के आह्वान पर बाजार बंद और विरोध प्रदर्शन में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एसपी सुमित मेहरड़ा खुद मैदान में उतरे, एडिशनल एसपी कमल कुमार जांगिड़,सीओ नरेंद्र कुमार और अन्य अधिकारियो के साथ बाजार में गश्त करते रहे। इस दौरान कई थानों का भारी पुलिस जाप्ता भी शहर में मौजूद रहा जो अलग-अलग स्थानों पर तैनात रहा।

**महाराणा प्रताप खेल मैदान से निकला आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति का जुलुस :** शहर के महाराणा प्रताप खेल मैदान पर आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति से जुड़े पदाधिकारी और लोग एकत्रित हुए। ग्रामीण क्षेत्र से आये सैकड़ो युवा हाथो में नील झंडे और तख्तियां लिए एक साथ शहर की सड़को पर निकले। जुलूस के दौरान कहनपुर सरपंच राजेश मीणा,नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि होतम सिंह जाटव,,रामकुमार मीणा,रामसेवक अजर सहित तमाम पदाधिकारी शामिल हुए। जो भारद्वाज मार्केट,हॉस्पिटल रोड़,लुहार बाजार,सर्राफा बाजार, घंटाघर और किला गेट होकर किला परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां एक आम सभा हुई और राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सोपा गया।



### शांतिपूर्ण रूप से निकला जुलूस, व्यापारिक संगठनों ने किया सहयोग

एसटी-एससी आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति द्वारा किए गए भारत बंद के आव्हान को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक सुमित महरेड़ा ने आमजन से अपील जारी की थी जिसमे सभी लोगो से शांति बनाए रखने एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग का आवाहन किया गया। ऐसे में व्यापारिक संगठनों ने भी प्रशासन का सहयोग करते हुए बाजार को बंद रखा। हालाँकि जुलुस निकलने के बाद दोपहर बाद बाजार में अधिकांश दुकाने खुल गई।

### शहर के बाजार में पुलिस की रही निगरानी

शहर का बाजार सुबह से ही बंद रहे। दुकानदारों ने खुद ही दुकान नहीं खोली। एसपी सुमित महरेड़ा के साथ एडिशनल एसपी कमल कुमार जांगिड़,सीओ नरेंद्र कुमार, कोतवाली एसएचओ शिव लहरी मीना,सदर एसएचओ विनोद कुमार के साथ पुलिस टीमें लगातार बाजार में निगरानी करती रही। शहर में अलग-अलग जगह पुलिस जाप्ता जुलुस निकलने तक तैनात रहा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवक की मौत
### सड़क पर पड़ा मिला था शव, हाथ और पैर में फ्रैक्चर होने पर परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** कोतवाली थाना क्षेत्र की न्यू आदर्श नगर कॉलोनी में मंगलवार को सड़क किनारे एक युवक का शव मिला था। सड़क पर युवक को देख स्थानीय लोग उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित करते हुए शव को मॉर्च्यूरी में रखवाया और पुलिस को सूचना दी। बुधवार को शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। एएसआई वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि मंगलवार को कुछ लोग एक युवक को सड़क पर पड़ा हुआ देखकर उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे थे। जिसे डॉक्टर ने मृत घोषित करते हुए अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया था। एएसआई ने बताया कि देर शाम को युवक की पहचान राजू (40) पुत्र बिजेंद्र निवासी गुमानपुर थाना नादनपुर के रूप में हुई। उसके परिजनों को जिला अस्पताल बुलाया गया। बुधवार को जिला अस्पताल में मृतक के परिजनों ने युवक की संदिग्ध हालातों में मौत होने की आशंका जताई। जिसके बाद पुलिस ने मृतक का पोस्टमॉर्टम करा दिया। एएसआई ने बताया कि प्रथम दृष्टया परिजनों को युवक का एक हाथ और एक पैर फ्रैक्चर हालत में दिखाई दिया है। जिसके बाद मामले को संदिग्ध देखते हुए मृतक का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में अगली कार्रवाई की जाएगी।

## लायंस क्लब अलवर मत्स्य की 20 वीं नवकार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई-1 के रीजन 02 सांवरियाँ, जोन 3 के क्लब संख्या 95645 - लायंस क्लब अलवर मत्स्य की नवकार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह 25 अगस्त 2024, रविवार को होटल अलवर रॉयल, नंगली का चौराहा , अलवर में आयोजित किया जाएगा । कार्यक्रम संयोजक लायन यामिनी गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन सुनील अरोड़ा , इंडक्शन ऑफिसर एमजेएफ लायन आशुतोष वशिष्ठ, इंस्टालेशन ऑफिसर पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एवं पीएमजेएफ लायन विनोद गोयल , स्टार ऑफ दा इवनिंग पास्ट मल्टीपल चेयरपर्सन एवं पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन शकुन्तला गोयल, मुख्य वक्ता पास्ट मल्टीपल सेक्रेटरी , पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजीएफ लायन अशोक ठाकुर , गेस्ट ऑफ ओनर पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजीएफ लायन शशि गोयल, गेस्ट ऑफ ओनर पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजीएफ लायन मानक चन्द गुप्ता , गेस्ट ऑफ ओनर पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजीएफ लायन इंजी. सुभाष जोशी , अतिविशिष्ट अतिथि एवं डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एमजीएफ लायन ओ.पी. मंगल जी , अतिविशिष्ट अतिथि एवं डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी एमजीएफ लायन के.सी.शर्मा , अतिविशिष्ट अतिथि एवं डिस्ट्रिक्ट ट्रेजरर एमजीएफ लायन प्रभु पाटिल , विशिष्ट अतिथि एवं रीजन 2 सांवरियाँ के रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि एवं रीजन 2 सांवरियाँ के जोन 3 के जोन चेयरपर्सन लायन दिलीप कुमार गोयल होंगे । वर्ष 2023 - 24 के अध्यक्ष लायन संदीप अग्रवाल, सचिव लायन विनोद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सी ए लायन विपिन जैन तथा नयी कार्यकारिणी वर्ष 2024 - 25 में लायन डॉ.मंजू अग्रवाल - अध्यक्ष , लायन सुधा अग्रवाल - सचिव, लायन संध्या अग्रवाल - कोषाध्यक्ष सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ ग्रहण करायी जायेगी ।

## समाजसेवी विजय सिंघल बने विश्व हिंदू परिषद के प्रखण्ड उपाध्यक्ष, शिवशंकर मंगल बने प्रखण्ड मंत्री



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर,( राजू शर्मा )।** स्थानीय श्री ईशू वाले हनुमान मंदिर पर विश्व हिंदू परिषद की बैठक प्रखंड अध्यक्ष महेश भटेले की अध्यक्षता में आहूत की गयी। जिसमें विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं द्वारा ओंकार ध्वनि एवं विजय महामंत्र द्वारा बैठक प्रारंभ की गयी । बैठक में प्रखंड कार्यकारिणी के विभिन्न दायित्व की, घोषणा जिला मंत्री वैद्य गिरीश कुमार द्वारा समाजसेवी विजय सिंघल को प्रखंड उपाध्यक्ष, शिव शंकर मंगल को प्रखंड मंत्री, एवं रमेश चंद शर्मा को खंड अध्यक्ष टोंटरी के नवीन दायित्व की घोषणा की गई। नगर अध्यक्ष डॉक्टर जितेंद्र शर्मा ने बताया की बैठक में सर्वसम्मति से विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर षष्ठी पूर्ति समापन समारोह 25 अगस्त 2024 रविवार को डॉक्टर्स कॉलोनी स्थित नेवी पब्लिक विद्यालय में समय सायं 4 बजे से आयोजित किया जाएगा। बैठक में डॉ. जितेंद्र शर्मा, महेश भटेले, वैद्य गिरीश कुमार मुकेश कुशवाहा , दारा सिंह पचौरी, बनवारी लाल शिवहरे, अमित यादव, अमन शिवहरे,विजय सिंघल, शिव शंकर मंगल, सोनू यादव, संध्या शर्मा, रमेश शर्मा ,राधे यादव, जगदीश यादव ,योगेंद्र शिवहरे,राजेश कुशवाह समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में जय घोष के साथ बैठक का समापन हुआ।

## आदर्श सैनी समाज सैनी विकास संगठन की मीटिंग आयोजित स्वैछिक विशाल रक्तदान शिविर का पोस्टर का विमोचन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( नि.स. )।** आदर्श सैनी समाज के द्वारा सैनी विकास संगठन के तत्वाधान में ग्राम दादूका में मीटिंग का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता संयोजक बाबूलाल सैनी ने की जिसमें सैनी समाज का विवाह सम्मेलन व स्वैछिक विशाल रक्तदान शिविर का पोस्टर का विमोचन किया गया।आगामी पंचम सामूहिक विवाह सम्मेलन 12 नवंबर2024 (देवउठनी एकादशी) पर होने जा रहा उसका पहला परिचय सम्मेलन व विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 25 अगस्त 2024 को गुरूशिखर स्कूल गांव दादूका में होगा। जिसमें योग युवक युक्तियां अपना परिचय देवें व सर्व समाज द्वारा स्वैछिक विशाल रक्तदान का आयोजन किया जाएगा।इस मौके पर जिला अध्यक्ष बबलू बबेरवाल, स्कूल संचालक रामकरण सैनी,सुभाष जमालपुरिया, रामरतन, रामस्वरूप, महेंद्र, हंसराज, अखिलराज, ममता देवी, निशा देवी, बबली,सीमा सैनी,अमित कुमार,विक्रम कुमार, सत्य प्रकाश, गंगाराम,पत्रकार बिल्लूराम, देशराज, सुगनचंद, आदि मौजूद रहे।

## टैक्स मै बकाया भार वाहनो की आर.सी. का किया निलम्बन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** जिला परिवहन अधिकारी देवानंद ने बताया कि वाहन पोर्टल पर उपलब्ध रिकार्ड के अनुसार जिन भार वाहनां का टैक्स बकाया है एवं फिटनेस वैध नहीं जो कि सड़क सुरक्षा की दृष्टि से आमजन को हानि पहुंचा सकते हैं, साथ ही बकाया टैक्स में डिफॉल्टर हैं ऐसे वाहनां के वाहन स्वामियां को नियमानुसार वाहनों के पंजीयन निलम्बन हेतु कई बार नोटिस प्रदान कर तथा डिजीटल माध्यम के द्वारा वाहन स्वामियों के मोबाईल नम्बर पर अपना पक्ष रखने हेतु मैसेज भी करवाकर अपना पक्ष रखने हेतु समुचित अवसर प्रदान किया गया।

## भारत बन्द पूर्णतया रहा सफल पुलिस के रहे पुख्ता इंतजाम

बढ़ता राजस्थान



**अलवर( का.स. )।** बुधवार को भारत बन्द का असर अलवर में देखा गया जहां। बन्द समर्थको द्वारा बन्द रहे अलवर को बंद करवाया गया। चाहे हो बस स्टैंड या शहर के मुख्य बाजार भारत बंद के दौरान सन्नाटा पसरा दिखाई दिया । दिखाई दे रहे थे तो बंद समर्थक या फिर चप्पे - चप्पे पर पुलिस के जवान ।

21 अगस्त को एसटी. एससी. आरक्षण मामले के चलते भारत बंद के दौरान अलवर में बाजार सूने रहे और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। सुबह करीब 11.00 बजे शहर के अंबेडकर सर्किल से मिनी सचिवालय तक बंद समर्थको ने रैली निकाली । आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर बाकी सभी रोजमर्रा की गतिविधियां थमी रही। केंद्रीय बस स्टैंड पर बसों का संचालन ना होने के चलते यात्री परेशान दिखाई दिए । जिला पुलिस कप्तान आनंद शर्मा लगातार स्वयं पल -पल की मोनिटरिंग करते रहे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शहर के चप्पे -चप्पे पर पुलिस तैनात है। गौरतलब है कि बंद से पूर्व जिला प्रशासन ने व्यापार महासंघ और बंद आयोजको के साथ मीटिंग कर बंद को शांतिपूर्ण रखने का आवाह्न किया था । कानून और शांति व्यवस्था को बहाल बनाए रखने के लिए जिला मुख्यालय पर एक मॉनिटरिंग कक्ष बनाया गया जिसमें एएसपी तेजपाल सिंह और एएसपी (ग्रामीण) प्रियंका रघुवंशी मॉनिटरिंग कर रहे थे। बंद को शांतिपूर्ण बनाने के लिए लगभग 1700 जवानों की तैनाती की गई थी । आरएसी की दो टुकड़ियां भी कानून और शांति व्यवस्था को बहाल रखने के लिए तैनात रही ।

## शिक्षा सेतु योजना के तहत ओपन स्कूल से घर बैठे कर सकेंगे दसवीं पास और बारहवीं

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,(नि.स.)।** राज्य सरकार द्वारा संचालित आईएम शक्ति निधि के तहत चलाई जा रही शिक्षा सेतु योजना से ड्रॉपआउट और स्कूल छोड़ चुकी बालिकाओं और महिलाओं को बिना स्कूल जाए घर रहकर 10वीं और 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने का सुनहरा अवसर मिलता है। उक्त पद्धति से राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल जयपुर से 10वीं और 12वीं का आवेदन करने वाली बालिकाओं को शिक्षा सेतु योजना के तहत प्रवेश शुल्क, पुनः प्रवेश शुल्क, पंजीयन शुल्क, परीक्षा शुल्क, प्रायोगिक विषय शुल्क, अग्रेषण शुल्क, सैद्धांतिक व प्रायोगिक परीक्षा शुल्क नही देना होता है, जिस कारण मुफ्त में आवेदन किया जा सकता है। ओपन स्कूल में आवेदन करने के लिए बालिकाएं 10वीं कक्षा हेतु एक जुलाई 2024 को आयु 14 वर्ष एवं 12वीं कक्षा हेतु उक्त तिथि को आयु 15 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिये, अधिकतम आयु की कोई सीमा नहीं है। बालिका, विवाहिता, वृद्धा आदि सभी आवेदन कर सकते हैं। 9वीं कक्षा तक की कोई भी कक्षा उत्तीर्ण 10वीं हेतु आवेदन कर सकता है। 8वीं पास होना अनिवार्य नही है। बोर्ड परीक्षा में 10वीं अनुत्तीर्ण भी 10वीं हेतु आवेदन कर सकते हैं। 12वी कक्षा हेतु 10वीं उत्तीर्ण का प्रमाण पत्र होना आवश्यक है एवं 10वी से एक वर्ष का अंतराल होना चाहिये। शिक्षा सेतु योजना में आवेदन करने के लिए राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल जयपुर द्वारा बनाये गए संदर्भ केन्द्रों पर सम्पर्क कर आवेदन किया जा सकता है। आवेदन अभ्यर्थी की एसएसओ आईडी से होता है। पाठ्यपुस्तकों का वितरण, शुल्क विवरण, परीक्षा की जानकारी आदि सभी कार्य सन्दर्भ केन्द्रों से संचालित होते हैं। महात्मा गांधी राउमावि सिटी कोतवाली, राउमावि राजाखेडा, राउमावि बसेडी, राउमावि सैपऊ, राउमावि बाड़ी, राउमावि धौलपुर, राउमावि अजीतपुरा, राउमावि अनन्दापुरा, राउमावि डंडॉली, राउमावि दुल्हारा, राउमावि कोटरा, राउमावि फिरोजपुर, राउमावि महुआखेड़ा, राउमावि टांडा को संदर्भ केंद्र बनाया हुआ है। नजदीकी केंद्र में संपर्क कर सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि स्ट्रीम-1 में बिना विलंब शुल्क 30 सितम्बर 2024 तक एवं स्ट्रीम-2 में विलंब शुल्क 500 रुपये के साथ 31 अगस्त 2024 तक रखी गई है।

## मानसिक विक्षिप्त पप्पू गोड को किया अपना घर आश्रम में भर्ती
### अनाथ, असहाय की सेवा में तत्पर अपना घर टीम : विष्णु महेरे

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( नि.स. )।** विक्षिप्त ,असहाय लावारिस, पीड़ित मानव सेवा में कार्यरत संस्था अपना घर सेवा समिति बाड़ी द्वारा शहर की नजदीक बामनी नदी दरबार में पिछले 7 वर्षों से रह रहे पप्पू गोड को मानसिक विक्षिप्त होने की वजह से अपना घर आश्रम बाड़ी में भर्ती कराया गया है। अपना घर सेवा समिति बाड़ी के संरक्षक विष्णु महेरे में बताया कि बामनी नदी दरबार के महंत बनवारी दास बाबा की सूचना पर बताया कि उक्त पप्पू गोड पिछले 7 वर्षों से बामनी नदी दरबार पर संत सेवा कार्य कर रहे थे उनके परिवार में कोई भी नहीं है कई दिन से इनकी मानसिक तबीयत ठीक नहीं है इसलिए इनको सेवा और उपचार हेतु कोतवाली थाना बा ड़ी से एंट्री कराकर एंबुलेंस द्वारा अपना घर आश्रम बाड़ी में भर्ती किया गया है, इस मौके पर आश्रम के सेवा साथी अनु बघेल ,राकेश कुमार, नितेश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** कस्बे के आदर्श नगर टॉपर चॉइस क्लासेस मे प्रतिभा सामान समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें बच्चों के द्वारा सास्कृति कार्यक्रम का आयोजन नवोदय विद्यालय में चयन होने पर अंकित सैनी,प्रतिभाओं को प्रतीकचिन्ह देखकर को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर डायरेक्टर मोनू सैनी ने अतिथियों का स्वागत मे सैनी महासभा के जिला अध्यक्ष बबलू बबेरवाल,पत्रकार बिल्लूराम सैनी,रामजीलाल सैनी, सुभाष जमालपुरिया अध्यक्ष,जगदीश, राजकुमार गुरूजी,किया। विपिन कुमार राजकिरण रोहिल्ला निशा रीना सुमन अंकित कनिष्क ज्ञानी मेगावाट,अनिल यादव,विनोद सैनी आदि मौजूद रहे।

# शांति और सफलता के साथ संपन्न हुई अनुसूचित जाति/जनजाति आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति की विशाल रैली

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** अनुसूचित जाति/जनजाति आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति द्वारा कोटा में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली कोटा शहर के चारों दिशाओं से निकलकर उम्मेद सिंह स्टेडियम में एकत्रित हुई, जहां से एक जनसैलाब के रूप में अग्रसेन चौराहा, नयापुरा चौराहा, एमबीएस अस्पताल के सामने से गुजरते हुए जिला कलेक्टरेट में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर समाप्त हुई। इस अवसर पर संघर्ष समिति द्वारा राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। रैली में हजारों की संख्या में विभिन्न अनुसूचित जाति/जनजाति समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता भी रही। लगभग 18 अनुसूचित जाति की उपजातियों ने इस विशाल रैली में हिस्सा लिया। रैली का नेतृत्व अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर समिति के अध्यक्ष चतर्भुज खिंची, महासचिव विनय सिंघल और उप महापौर नगर निगम कोटा दक्षिण पवन मीणा द्वारा किया गया।

रैली के निर्विघ्न संपन्न होने पर पवन मीणा ने व्यापार महासंघ, समस्त व्यापार संघ, कोटा रिक्शा यूनियन, स्कूल यूनियन, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, के साथ समस्त संस्थाओं का आभार व्यक्त किया तथा परोक्ष वा अपरोक्ष सहयोग करने पर कोटा वासियों का आभार व्यक्त किया। इस रैली को सफल बनाने में मनोहरलाल मीणा, डॉ. चंद्रशेखर शुशील, विषम्बर सिंह, विजय मीणा, कृष्ण बैरवा, नेम सिंह, सचिव अभय सिंह मीणा, मोहित वाल्मीकि, रोहित मेघवाल, राजेश वर्मा, मेघवाल हितकारी के जी.एल. वर्मा, शंकरलाल मेघवाल, जी.एल. मेघवाल, नदीपार क्षेत्र से ओम प्रकाश मेघवाल, रामजीलाल मीणा, बोरखेड़ा क्षेत्र से सुरेश मेहरा, बी.एल. मीणा, गोपाल मीणा, दिनेश मीणा, नए कोटा से हरिप्रकाश मीणा, मुरली मेरमा, पवन लुहावद, चेतन उदपुरिया, जीतू गांवड़ी, अनिल पाटोंदिया, रघुराज वर्मा, गजानंद मीणा, सीताराम मीणा, मोहित मीणा, ओम देवखेरली, विजय बाकोलिया, प्रदीप यादव, भूपेंद्र मीणा, महेश मीणा, छावनी क्षेत्र से विशाल खींची, भूपेंद्र सामरिया, प्रमोद बेंगना, रामभरत, महावीर चोमा, दीपक मंडोला, सोनू भंवरा के साथ साथ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के विभीन युवा साथियों ने भारत बंद करने में भूमिका निभाई।




# शान्ति पूर्ण बन्द रहा सम्पूर्ण जिला, जिला प्रशासन व पुलिस रही चाक-चौबंद





बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (सुरेश मोमिया)।** माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिनांक 1 अगस्त 2024 को अनुसूचित जाति एवं जनजाति के प्रतिनिधित्व आरक्षण में उप वर्गीकरण व क्रिमीलेयर के फैसले के विरोध में अनुसूचित जाति एवं जनजाति सामाजिक संगठनों की अपील पर व्यापारियो ने झालावाड़ शहर को सम्पूर्ण बंद रखा गया है। झालावाड बंद को लेकर अनुसूचित जाति एवं जनजाति संगठनो ने मीटींग आयोजित करके अनुसूचित जाति, जनजाति संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले संयोजक रामप्रकाश मीणा व सह संयोजक राजू रैगर के संयोजन में बंद को सफल बनाया। एससी एसटी समाज के लोग सुबह 8 बजे खेल संकुल के सामने एकत्रित हुए । खेल संकुल से रैली के रूप में पैदल व दुपहिया वाहनो से बस स्टेण्ड व मोटर गैराज, बडा बाजार, मंगलपुरा, मामा भान्जा चौराहा पर होते हुए मिनी सचिवालय पहुॅचकर जिला कलक्टर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया। रैली में माईक से एनाउंस करके बंद की अपील की गई। रैली मे डॉ भीमराव अम्बेडकर के नारे लगाये जा रहे थे। रैली में करीबन दो हजार के लगभग भीड़ रहीं बंद का माहोल शातिंपूर्ण रहा। रैली में किसी घटना नहीं हुई। बंद में प्रशासन व व्यापारियों का अच्छा सहयोग रहा।

रैली के रूप में ज्ञापन देने वालों में एससीएसटी परिसंघ के जिला प्रभारी व संभाग संयोजक विष्णुदयाल रैगर, अनुसूचित जाति जनजाति आरक्षण मंच के जिलाध्यक्ष छीतरलाल बैरवा, बैरवा समाज के जिलाध्यक्ष फूदींलाल बैरवा, बामसेफ के जिलाध्यक्ष गोपाललाल मेघवाल, रैगर समाज के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बद्रीलाल रैगर, बैरवा समाज के संरक्षक बृजमोहन बैरवा, रैगर समाज के युवा जिलाध्यक्ष शिवराज रैगर, बैरवा महासभा के जिलाध्यक्ष फूदींलाल बैरवा, अजाक जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी वर्मा, ऐरवाल समाज के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष एडवोकेट प्रभूलाल ऐरवाल राजस्थान भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विक्रम दशोरिया , एससीएसटी कर्मचारी अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष रामस्वरूप मीणा, पवन मेघवाल प्रदेश मंत्री मेघवाल युवा संघ, ताराचन्द नेताजी, विवेकानन्द बैरवा , अशोक सोलकीं, मीणा समाज से रामसिंह मीणा, के साथ चल रहै।यह जानकारी मीडिया प्रभारी विष्णुदयाल रैगर द्वारा दी गई।

## उद्यान एवं आत्मा की समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** कृषि, उद्यान एवं आत्मा विभाग की समीक्षा बैठक अतिरिक्त जिला कलक्टर राकेश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सभागार में आयोजित की गई। बैठक में कृषि में खाद की स्थिति, आगामी कार्य योजना के सम्बन्ध में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया की अत्यधिक डीएपी के उपयोग से भूमि खराब हो रही है एवं एसएसपी को बढ़ावा देने के लिए निर्देशित किया, जिससे फसलों को सल्फर अलग से मिल जाता है तथा डीबीटी योजनाओं में फॉर्म पौण्ड, तारबंदी के लक्ष्य की 150 प्रतिशत प्रशासनिक स्वीकृति जारी करने के लिए निर्देशित किया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में निर्देश दिये की समय पर किसानों को क्लेम मिले। उद्यान एवं आत्मा विभाग में सभी लक्ष्य की प्राप्ति समय पर की जावें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर विनोद मलहोत्रा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश कुमार मंडोवरा, नाबार्ड से डूडी. संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) दिनेश कुमार जागा, उपनिदेशक उद्यान डॉ. शंकर लाल जाट, सहित कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अंता में एससी एसटी संगठनों ने निकाली रैली
## शहर में बंद का दिखा असर, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**अंता (नि.स.)।** अंता में एससी और एसटी संगठनों की ओर से रैली निकाली गई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की ओर से आरक्षण को लेकर दी गई ओपिनियन को लेकर रोष जताया। इस दौरान राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान अंता कस्बे में बंद का असर दिखा। शहर के बाजार बंद नजर आए। व्यापार संघ की ओर से बंद का समर्थन किया गया। जिसके चलते लोगों ने सुबह से ही अपने प्रतिष्ठान नहीं खोले। सुबह 7 बजे एससी और एसटी संगठन के लोग कृषि उपज मंडी में एकत्रित हुए। जहां से वाहन रैली के रूप में अंबेडकर भवन पहुंचे। जहां रैली फिर स्टेशन रोड स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में पहुंची। जहां सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान मनोज मीणा ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि उपज मंडी पहुंचने के बाद राष्ट्रपति के नाम उप जिला कलेक्टर संजना जोशी को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान समिति उपाध्यक्ष सुजीत पंवार, कोषाध्यक्ष रामदेव मीणा, विधि सलाहकार अनूप मेघवाल एडवोकेट, सचिव गजेंद्र शांत, मिडिया प्रभारी प्रेम शंकर शांत, बबलू मीणा, पूर्व घनश्याम मारन , मदन लाल भारती जगदीश पंवार, सहित बड़ी सख्या में लोग मौजूद रहे।





**प्रशासन रहा मुस्तैद :** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अंता बंद के आह्वान को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। सुबह से ही पुलिस उप अधीक्षक श्योजी लाल मीणा, अंता तहसीलदार सुरेंद्र सिंह गुर्जर, अंता थाना अधिकारी दिग्विजय सिंह गुर्जर जाप्ते के साथ मौके पर मौजूद रहे।

# जन्मदिन के अवसर पर 101 बहनों के हाथों से बधवाया रक्षा सूत्र

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (प्रियंका दाधीच)।** भदेसर उपखंड मुख्यालय के भदेसर कस्बा निवासी लिटिल भट्ट (प्रकाश भट्ट) के द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर एक अनोखी मिसाल पेश की। उन्होंने अपने जन्मदिन के अवसर पर धनेश्वर महादेव के पवित्र स्थल पर 101 बहनों के हाथों रक्षा सूत्र बधवाए । इन रक्षा सूत्रों के माध्यम से उन्होंने उपस्थित सभी बहनों को कहा कि आने वाला समय बहुत ही नाजुक है हमें देश में हो रहे घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए हर परिस्थितियों से सजक रहना है हमें हमारी रक्षा खुद करनी है। उन्होंने उपस्थित सभी बहनों को उनकी सुरक्षा का वचन दिया। रक्षा सूत्र बंधवाने के बाद उन्होंने उपस्थित सभी 101 बहनो को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर एक स्मार्ट वॉच के रूप में गिफ्ट प्रदान किया तथा मिठाई का पैकेट दिया । उपस्थित सभी बहनों ने इस प्रकार के आयोजन पर आयोजन कर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया यह इस तरह का पहला मामला है। प्रकाश भट्ट पूर्व में राजकीय महाराणा प्रताप महाविद्यालय के छात्र संघ के अध्यक्ष एवं बाद में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष , मंडल महामंत्री के पद पर दायित्व का निर्वहन कर चुके है।



## राष्ट्र सेविका समिति चित्तौड़गढ़ ने संस्थान में बांधे रक्षासूत्र

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** भाई बहन के रिश्ते का पावन पर्व रक्षाबंधन का त्यौहार पूरे देश में हर्षोल्लास से मनाया जाता है। सुख सेवा संस्थान नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र चितौड़गढ़ द्वारा यह पर्व हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। संस्थान अध्यक्ष गफ्फार पठान ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किये गए जिसमें राष्ट्र सेविका समिति चित्तौड़गढ़ की महत्वपूर्ण भागीदारी रही। बहिनों ने भविष्य में नशा न करने का मांगा वचन, दिलाई शपथ। संस्थान काउंसलर प्रभात शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति चित्तौड़गढ़ की प्रान्त कार्यवाहिका वंदना वजीरानी ने इलाजरत मरीजों को नशे की बुराई को बताते हुए कहा कि इससे समाज में अनैतिक कार्यो को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने इस पर्व पर भविष्य में नशा न करने का वचन मांगा। समाज सेविका लता पांडे ने जिंदगी को सही ढंग से जीने के तरीके बताए और सुखसेवा संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान द्वारा जो नशा मुक्ति हेतु कार्यक्रम के जा रहे हैं सराहनीय है। कार्यक्रम में विभाग सेवा प्रमुख नीरजा गर्ग, मोहन वजीरानी, मान्या पांडे, हर्षिता हासीजा, तन्वी हासीजा, गजराज हसीजा, मान्या पांडे का विशेष सहयोग रहा। एक हजारों में मेरी बहना है... , राखी बंधवाते हुए भावुक हुए भाई। कार्यक्रम में राष्ट्र सेविका समिति द्वारा विधिविधान से इलाजरत भाइयों को मुंह मीठा कराया व तिलक लगाकर उनकी कलाइयों पर रक्षासूत्र बांधते हुए उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की।

## नारी शक्ति का सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान निश्चित ही सराहनीय : संत अभयदास

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** राष्ट्र सेविका समिति अखिल भारतीय व्यवस्था प्रमुख एवं अर्बन बैंक एमडी वंदना वजीरानी व मोहन वजीरानी, दुर्गा वाहिनी क्षेत्र संयोजिका लता पांड्या एवं मान्य पांड्या ने संत अभयदास महाराज को रक्षा सूत्र बांध आशीर्वाद लिया। उन्होंने महिला संघटन कार्य पर चर्चा की। इस मौके पर संत ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा के दौर में पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ नारी शक्ति का सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान निश्चित ही सराहनीय है।

## उदयपुर घटना में मृत छात्र देवराज को विभिन्न संगठनों ने कपासन में श्रद्धांजलि अर्पित की

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** उदयपुर घटना में मृत हिंदू छात्र देवराज को क्षैत्र के विभिन्न हिंदू संगठनों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर एवं हनुमान चालीसा का पाठ कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।यहां नगर कपासन में मंगलवार सांय विश्व हिंदू परिषद एवं अन्य हिंदू संगठनों द्वारा उदयपुर चाकूबाजी घटना के पीड़ित हिंदू युवक देवराज को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा हनुमान चालीसा का पाठ कर आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की गयी।

बजरंग दल जिला सहसंयोजक रोहित सिंह राजपूत ने बताया कि पंचमुखी बालाजी मंदिर प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया एवं 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा पश्चिम बंगाल में महिला डॉ. के साथ सामूहिक दुष्कर्म व हत्या,जयपुर में टेंपो चालक की हत्या तथा विगत दिनों में बांग्लादेश में हिंदुओं की निर्मम हत्याओं पर रोष प्रकट किया गया। इस दौरान किन्नर निलो,विहिप जिला उपाध्यक्ष दिलीप बारेगामा,प्रखंड अध्यक्ष लाल चाष्टा,मंत्री गोपालकृष्ण काबरा,भारत विकास परिषद के बादशाह सिंह,श्री अमरनाथ यात्रा संघ के महेश पलोड़,व्यापार संघ अध्यक्ष कोमल बारेगामा, भवानीशंकर जीनगर,श्यामलाल वैष्णव,कमलेश वैष्णव,एडवोकेट पुरुषोत्तम योगी,हिमांशु टांक, सुनील सोनी,अक्षत सिरोया,चंदा बारेगामा,गार्गी जागेटिया,रोहित बारेगामा,नारायणलाल प्रजापत आदि उपस्थित रहे।



## रोजगार सहायता शिविर 28 को ग्रामीण हाट बाजार, कीरखेडा, चित्तौड़गढ़ मे होगा आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** जिला रोजगार कार्यालय, चित्तौड़गढ़ द्वारा दिनांक 28 अगस्त 2024 बुधवार को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर, ग्रामीण हाट बाजार, कीरखेडा, चित्तौड़गढ़ में आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी राहुल देव सिंह ने बताया कि रोजगार सहायता शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक एस.एस.सी.आई, उदयपुर, जी 4एस, गुरूग्राम, एलएण्डटी, गुना, जुबीलेन्ट फर्टीलाईजर, नितिन स्पीनर्स, बेगूं भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड, एलएण्डटी, अहमदाबाद, मनोमय टैक्स इंडिया लि. गंगरार, आईपीई ग्लोबल जयपुर, एल्कोन बान्स वायरिंग सिस्टम, भिवाडी, संगम इंडिया लिमिटेड, भीलवाडा, चैतन्य इंडिया फिन केडिट प्रा.लि., बेंगलुरू, रेनॉट्स वेलनेस प्रा. लि., महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा, जयपुर (मेवाड यूनिर्सिटी द्वारा), अन्नपूर्णा फाइनेंस प्रा.लि., उदयपुर, सी. के. मोटर्स, चित्तौडगढ, वी गीत ऑटो कम्पोनेंट प्रा.लि., अहमदाबाद इत्यादि द्वारा उपस्थित बेरोजगार आशार्थियों का साक्षात्कार लेकर मौके पर ही रिलेशनशिप मैनेजर, फील्ड ऑफीसर, सुरक्षा प्रहरी, सुपरवाईजर, ऑपरेटर, अकुशलकर्मकार एवं आईटीआईतकनीशियन, फाइनेंस, कृषि, रिटेल मार्केटिंग, विनिर्माण क्षेत्र, ऑटोमोबाईल्स, बीमा सलाहकार इत्यादि के पद पर रोजगार का प्रारम्भिक अवसर प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से 35 वर्ष के युवा जो, निजी क्षेत्र में कार्य करने की इच्छा रखते है, उनके लिए लगभग 1300 रिक्तियां उपलब्ध है, योग्यता आठवी पास सेकन्डरी, सीनीयर सेकन्डरी, स्नातक, स्नोतकोत्तर, सभी व्यवसाय मे आईटीआई पास, डिप्लोमा/बीटेक इत्यादि ।

## लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला आज सुनेंगे आमजन की परिवेदनाएं

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, (नि.स.)।** लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला 22 अगस्त को बूंदी आंएगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार श्री बिरला 22 अगस्त को अपरान्ह 3 बजे सर्किट हाउस बूंदी में जनसुनवाई करेंगे एवं शाम 7 बजे कजली तीज मेले में सम्मिलित होंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने लोकसभा अध्यक्ष की जनसुनवाई के दौरान सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# नए जमाने की जिंक आधारित बैटरी तकनीक के लिए हिंदुस्तान जिंक और जेएनसीएएसआर के बीच एमओयू
## प्रभावी लागत और सस्टेनेबल जिंक आधारित बैटरी, महंगी और आयातित लिथियम बैटरियों का बेहतर विकल्प

संजय खाबिया

**चित्तौड़गढ़ (बढ़ता राजस्थान)।** एनर्जी स्टोरेज के भविष्य को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख संस्थान जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र जेएनसीएएसआर के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस सहयोग का उद्देश्य जिंक आधारित बैटरियों के व्यावसायीकरण को बढ़ावा देने के लिए जिंक सामग्री को विकसित करना है। हिंदुस्तान जिंक और जेएनसीएएसआर के बीच साझेदारी बैटरी प्रौद्योगिकियों के विकास में महत्वपूर्ण क्षण का प्रतीक है, जो जिंक की प्रचुर संसाधन उपलब्धता, लागत-प्रभावशीलता और सस्टेनेबल संचालन का परिणाम है। एमओयू हस्ताक्षर के अवसर पर, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के सीईओ अरुण मिश्रा ने कहा, कि ज़िंक कम कार्बन वाले भविष्य का अभिन्न अंग है और यह एनर्जी स्टोरेज क्षेत्र में लिथियम के लिए एक सुरक्षित और सस्टेनेबल विकल्प है। हिंदुस्तान जिंक द्वारा जलवायु कार्रवाई पहल, बैटरी में ज़िंक के नए प्रयोगों को आगे बढ़ाने और खोजने के लिये चल रहे वैश्विक ऊर्जा संक्रमण की सहायता करने पर केंद्रित है। यह सहयोग उभरती हुई स्वच्छ प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए महत्वपूर्ण कच्चे माल का सक्रिय योगदानकर्ता बनकर वैकल्पिक ऊर्जा समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने में हमारी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। हिंदुस्तान जिंक का लक्ष्य सस्टेनेबल ऊर्जा समाधानों में परिवर्तन को गति देना है।



जेएनसीएएसआर में प्रो. प्रेमकुमार सेनगुट्टुवन की टीम, जो अपने अत्याधुनिक सामग्री अनुसंधान के लिए जानी जाती है, हिंदुस्तान जिंक के साथ मिलकर ऐसे अग्रणी समाधानों के लिए कार्य करेगी जो जिंक आधारित बैटरियों के प्रदर्शन और विश्वसनीयता को बढ़ाएँ। जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र,जेएनसीएएसआर भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत एक स्वायत्त संस्थान है और बैंगलोर में एक डीम्ड विश्वविद्यालय है। अपने विचार साझा करते हुए जेएनसीएएसआर के डीन आरएंडडी प्रोफेसर श्रीनिवास ने कहा, प्रो. प्रेमकुमार सेंगुट्टुवन, लिथियम, सोडियम और जिंक-आधारित प्रणालियों में महत्वपूर्ण अनुभव के साथ बैटरी प्रौद्योगिकी में व्यापक विशेषज्ञता लाते हैं। उनके शोध ने ऊर्जा भंडारण अनुप्रयोगों के लिए इन तत्वों के अनूठे लाभों का लाभ उठाया है। जेएनसीएएसआर के साथ नई साझेदारी बैटरी स्टोरेज क्षेत्र में हिंदुस्तान जिंक के चल रहे प्रयासों का पूरक है।

इस महीने की शुरुआत में, हिंदुस्तान जिंक ने जिंक बैटरी प्रौद्योगिकियों में विशेषज्ञता रखने वाली अमेरिकी कंपनी एईसिर टेक्नोलॉजीज, इंक. के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह सहयोग निकेल-जिंक बैटरियों के विकास पर केंद्रित है, जो अपने उच्च-शक्ति उत्पादन, लागत दक्षता और विस्तारित जीवनकाल के साथ ऊर्जा भंडारण में क्रांति की ओर अग्रसर हैं।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# राजस्थान में एक सप्ताह के लिए फिर सक्रिय मानसून, 25-26 अगस्त को यहां भारी बारिश का अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उत्तरी बांग्लादेश व आसपास के क्षेत्र के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। इससे मानसून ट्रफ लाइन श्रीगंगानगर, रोहतक से होकर गुजर रही है। इसके प्रभाव से राजस्थान में गुरुवार से एक बार फिर मानसून सक्रिय हो रहा है। पूर्वी राजस्थान के अनेक भागों में आगामी एक सप्ताह मानसून सक्रिय रहने की संभावना है। इस दौरान भरतपुर, जयपुर, अजमेर, कोटा, उदयपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ मध्यम से कहीं-कहीं तेज बारिश होगी। कोटा व उदयपुर व जयपुर संभाग के जिलों में आगामी 5 और 6 दिन कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम केन्द्र के अनुसार दक्षिणी व पूर्वी राजस्थान के कोटा, उदयपुर संभाग के कुछ भागों में भारी बारिश की गतिविधियों में 25-26 अगस्त के दौरान बढ़ोतरी होने और कहीं-कहीं अति भारी बारिश होने ने की संभावना जताई गई है।

वहीं, पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में आगामी दो-तीन दिन मेघगर्जन के साथ कहीं-कहीं हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना है। 24 से 26 अगस्त के दौरान जोधपुर संभाग के कुछ भागों में मध्यम से कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। बीकानेर संभाग के कुछ भागों में छुटपुट स्थानों पर हल्के से मध्यम बारिश की संभावना है। इधर, बुधवार को राज्य के कुछ जिलों में बारिश हुई।

### भादो में ताबड़तोड़ बरसी घटाएं, सड़कों-गलियों में उफना पानी

अजमेर में दिनभर तरसाने के बाद बुधवार शाम भादो की घटाएं ताबड़तोड़ बरसीं। करीब पौन घंटे की बारिश ने समूचे शहर को जलमग्न कर दिया। जगह-जगह सड़कों-चौराहों पर तेज रफ्तार से पानी उफन पड़ा। बाहरी इलाकों और निचली बस्तियों में गलियों में पानी भर गया। इससे जनजीवन जबरदस्त प्रभावित हुआ। पानी के तेज बहाव से कई जगह वाहनों का जाम लग गया। शहर भर में अंदरूनी और बाहरी इलाकों में घरों और पहाड़ी इलाकों से बहता पानी नालों के सहारे आनासागर में पहुंचा। इससे झील का जलस्तर बढ़ गया। काजी का नाला, आंतेड़ का नाला, वैशाली नगर, ब्रह्मपुरी, जवाहर नगर, औंकार नगर,



तोपदड़ा नाला, एस्केप चैनल और अन्य क्षेत्रों के नाले में पानी का बहाव तेज बहा।

चित्तौड़गढ़ शहर में सवा इंच से ज्यादा बारिश हुई। वहीं वागन बांध पर ढाई इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। बारां के शाहाबाद के उपरी क्षेत्र में करीब एक घंटे हुए अच्छी बरसात के चलते कुनू नदी में पानी की आवक हुई। राजधानी जयपुर में दोपहर को करीब एक घंटे तक बारिश हुई।

## राहुल-खड़गे दो दिन के दौरे पर श्रीनगर पहुंचे

### विधानसभा चुनाव में गठबंधन पर चर्चा हो सकती है; एनसी-पीडीपी नेताओं से मुलाकात संभव



बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर( एजेंसी )।** लोकसभा में लीडर ऑफ अपोजिशन राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जम्मू-कश्मीर के दो दिन के दौरे पर गए हैं। दोनों बुधवार शाम श्रीनगर पहुंचे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि राहुल और खड़गे आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक करने के लिए जम्मू और श्रीनगर में रहेंगे।

इस दौरे में राहुल और खड़गे चुनाव से पहले गठबंधन के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुखों से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला से मुलाकात कर सीट बंटवारे के फार्मूले पर चर्चा हो सकती है।

### फारूक अब्दुल्ला ने कहा था- किसी से प्री-पोल अलायंस नहीं करेंगे

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर फारूक अब्दुल्ला ने 7 अगस्त को कहा कि किसी भी राजनीतिक दल के साथ चुनाव से पहले गठबंधन नहीं होगा। पार्टी को अपने दम पर जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों पर बहुमत मिलने का भरोसा है। लोकसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस पार्टी इंडिया ब्लॉक का हिस्सा थी। इस दौरान जम्मू संभाग की 2 सीटें और ञ लद्दाख की एकमात्र सीट कांग्रेस को दी गई। वहीं कश्मीर की 3 सीटें नेशनल कॉन्फ्रेंस को दी गई थीं। इस चुनाव में कांग्रेस जम्मू संभाग में दोनों सीटें बीजेपी से हार गई, जबकि लद्दाख सीट पर नेशनल कांफ्रेंस के बागी ने जीत हासिल की। इधर कश्मीर की 3 सीटों में से 2 पर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जीत दर्ज की। लेकिन बारामूला सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार इंजीनियर राशिद ने पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को हरा दिया था।

## इसरो चीफ बोले- चंद्रयान 4 और 5 का डिजाइन तैयार

### 5 साल में 70 सैटेलाइट लॉन्चिंग की संभावना; सरकार से मंजूरी लेने की प्रक्रिया जारी



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब इसरो चंद्रयान 4 और 5 की तैयारी कर रहा है। इसरो प्रमुख डॉ. एस. सोमनाथ ने मंगलवार (20 अगस्त) को कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी ने अगले चरण के मून मिशन के लिए डिजाइन तैयार कर लिया है। इसके लिए सरकार से मंजूरी लेने की प्रक्रिया चल रही है। इसमें चंद्रयान-4 मिशन में चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग के बाद चंद्रमा के पत्थरों और मिट्टी को पृथ्वी पर लाना, चंद्रमा से एक अंतरिक्ष यान को लॉन्च करना, चंद्रमा की कक्षा में अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग का प्रदर्शन करना और नमूनों को पृथ्वी पर वापस लाना शामिल है। सोमनाथ ने यह भी बताया कि इसरो की आगामी 5 सालों में 70 सैटेलाइट लॉन्च करने की योजना है। उन्होंने ये जानकारी अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और भारतीय अंतरिक्ष संघ के आयोजित कार्यक्रम में दी।

### चंद्रयान-3 का काम पूरा हो चुका है

सोमनाथ ने कहा कि हमारे पास चंद्रमा पर जाने के लिए कई मिशन हैं। चंद्रयान-3 का काम पूरा हो चुका है। अब चंद्रयान 4 और 5 का डिजाइन तैयार हो चुका है और हम सरकार से मंजूरी मांग रहे हैं। हम अगले पांच सालों में 70 उपग्रहों को लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं। इसमें सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लो अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट का ग्रुप शामिल है। इन 70 उपग्रहों में पोजिशनिंग, नेविगेशन और समय सेवा प्रदान करने के लिए नाविक क्षेत्रीय नेविगेशन सिस्टम के लिए चार, इनसैट 4डी मौसम उपग्रह, सैटेलाइट की रिसोर्ससैट सीरीज, रिमोट सेंसिंग और हाई रिजॉल्यूशन इमेजिंग के लिए कार्टोसैट सैटेलाइट शामिल हैं।

## डोटासरा बोले- केंद्र बैकफुट पर आएगा, सेबी-चीफ को हटाना पड़ेगा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा है कि मोदी सरकार को बैकफुट पर आकर सेबी चीफ को भी पद से हटाना पड़ेगा। हिंडनबर्ग रिपोर्ट में यह साफ जाहिर हो चुका है कि सेबी चीफ ने गड़बड़ी की है, हमारी पार्टी इसकी जेपीसी बनाकर जांच की मांग कर रही है।
इस सरकार को बैकफुट पर आनापड़ेगा।
लेटरल एंट्री पर राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के मामला उठाने के बाद जिस तरह का माहौल बना उसमें सरकार को बैकफुट पर आना पड़ा। हम 22 सितंबर को इस मुद्दे पर जयपुर में ईडी दफ्तर के सामने विरोध प्रदर्शन करेंगे। डोटासरा ने कहा- लेटरल एंट्री के जरिए केंद्र सरकार के मंत्रालयों में मोदी सरकार बैकडोर एंट्री करवा रही थी, इस मुद्दे पर हमारे नेताओं के विरोध के बाद सरकार को बैकफुट पर आना पड़ा। ये बैकडोर एंट्री करवाकर सरकारी मंत्रालयों में पूंजीपति घरानों की एंट्री करवाना चाह रहे हो।

## आंध्रप्रदेश की फार्मा फैक्ट्री में आग से 13 की मौत

### 17 जने घायल, धमाका इतना तेज था कि इमारत की पहली मंजिल की स्लैब ढही



आंध्र प्रदेश (एजेंसी)।

आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ले जिले की एक फार्मा फैक्ट्री में आग लगने से 13 लोगों की मौत हो गई। 17 से ज्यादा लोग जख्मी हैं। आग लगने की वजह का पता नहीं चल पाया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग लगने के बाद धमाका सुना गया।

धमाका इतना तेज था कि इमारत की पहली मंजिल की स्लैब ढह गई। घटना अच्युतापुरम स्थ्री की फार्मा कंपनी एस्किएंटिया के प्लांट की है। घायलों को इलाज के लिए एनटीआर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जब धमाका हुआ तब लंच टाइम चल रहा था और ज्यादातर वर्कर्स बाहर थे।

फैक्ट्री में 2 शिफ्ट में काम होता है : फैक्ट्री में 381 से ज्यादा कर्मचारी काम करते हैं। हादसा बुधवार दोपहर 2 बजकर 10 मिनट पर हुआ। लंच टाइम होने की वजह से ज्यादातर कर्मचारी बाहर थे। कलेक्टर विजयन कृष्णन ने बताया कि 13 लोगों को रेस्क्यू किया गया।

### फार्मा फैक्ट्री को बने 5 साल हो गए

**फैक्ट्री में अप्रैल 2019 में प्रोडक्शन शुरू हुआ था। इंटरमीडिएट केमिकल्स और एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स ( एपीआई ) बनाने वाली एसिएंटिया एडवांस्ड साइंसेज ने 200 करोड़ रुपए के निवेश के साथ इसे शुरू किया था।**

## फाइटर एयरक्राफ्ट से बम जैसी चीज गिरने से तेज धमाका

### पोकरण फायरिंग रेंज में 8 फीट गहरा गड्ढा बना, एयरफोर्स ने जांच के आदेश दिए



बढ़ता राजस्थान

**रामदेवरा ( जैसलमेर )।** राजस्थान में जैसलमेर के रामदेवरा इलाके में बुधवार, 21 अगस्त को एयरफोर्स के फाइटर एयरक्रॉफ्ट से बम जैसी चीज गिरने से तेज धमाका हुआ। पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में 8 फीट गहरा गड्ढा हो गया। घटना आबादी से दूर सुनसान इलाके में हुई है। इससे कोई जनहानि नहीं हुई है। इस घटना के बाद पुलिस अलर्ट मोड में आ गई। राठोड़ा गांव के खिंव सिंह ने बताया कि घटना बुधवार दोपहर करीब 12 बजे की है। गांव के ऊपर से बहुत कम ऊंचाई में एक एयरक्राफ्ट उड़ रहा था। इसी दौरान गांव की आबादी से करीब एक किलोमीटर दूर जोरदार धमाका हुआ। धमाके की आवाज सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे।

### आर्मी रेंज से 15 किमी. की दूरी की घटना

पोकरण एएसपी गोपाल सिंह भाटी ने बताया, घटना की सूचना पर रामदेवरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आर्मी, बीएसएफ सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों को इसके बारे में जानकारी दी है। यह घटना पोकरण में स्थित आर्मी रेंज से 15 किलोमीटर की दूरी पर ही है। क्षेत्र के पास में ही पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रेजिडेंट डॉक्टर्स की हड़ताल खत्म इमरजेंसी-आईसीयू सेवाएं बहाल

### ओपीडी, वार्ड में अभी नहीं करेंगे काम; खींवसर बोले- एसएमएस में 30 बॉडीगार्ड लगाएंगे



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** एसएमएस मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल खत्म हो गई है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के साथ सचिवालय में बैठक में रेजिडेंट्स की ज्यादातर मांगों पर सहमति बन गई। इसके बाद जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स (जार्ड) ने आंशिक तौर पर हड़ताल वापसी का निर्णय लिया। मंत्री खींवसर ने उन्हें आश्वस्त किया कि रेजिडेंट्स के लिए 30 बॉडीगार्ड्स लगाए जाएंगे। वहीं स्स्र पुलिस चौकी की स्ट्रेंथ भी बढ़ाई जाएगी। खींवसर ने कहा- मेरे ख्याल में राजस्थान ऐसा पहला राज्य होगा, जहां डॉक्टरों के लिए ये व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही डॉक्टर्स की सुरक्षा के लिए कॉलेज स्तर पर कमेटी बनाए जाने, मेंटल हेल्थ सेल और कार्य बहिष्कार अवधि को डे ऑफ या राजकीय अवकाश में समायोजित किए जाने समेत कई मुद्दों पर सहमति बनी।

### चिकित्सा सेवाओं में सहयोग करेंगे रेजिडेंट्स

चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा- प्रदेश में रेजिडेंट्स की हड़ताल होने से इमरजेंसी में समस्याओं का सामना करना पड़ा है। आज हुई बैठक में 7 से 8 मुद्दों पर सहमति बनी है। इसके बाद रेजिडेंट डॉक्टर्स इमरजेंसी और आईसीयू की सेवाओं में हमारी पूरी सहायता करेंगे। मैं सोचता हूं कि सभी राज्यों में राजस्थान ऐसा पहला राज्य है, जहां बैठक में ये फैसले लिए गए हैं।

### जनरल पीडी, रूटीन सेवाएं सस्पेंड रहेंगी

जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स (जार्ड) के अध्यक्ष डॉक्टर मनोहर सियोल ने बताया- हमने राज्य में जनहित को ध्यान में रखते हुए अपनी हड़ताल को आंशिक तौर पर वापस लेने का निर्णय किया है। संगठन ने अब एसएमएस मेडिकल कॉलेज और उससे अटैच हॉस्पिटलों में इमरजेंसी सर्विस, आईसीयू, इमरजेंसी ओटी, लेबर रूम में अपनी सर्विस को बहाल किया है। हालांकि, जनरल ओपीडी, वार्ड सेवाओं और रूटीन ओटी सेवाओं में अपनी सर्विस को अभी सस्पेंड रखा जाएगा। डॉक्टर सियोल ने बताया कि ये सेवाएं नेशनल लेवल पर हमारे संगठन की ओर से कोई निर्णय लिए जाने के बाद ही बहाल की जाएगी। बता दें कि इस बैठक में हेल्थ डिपार्टमेंट की एसीएस शुभ्रा सिंह और एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी भी मौजूद रहे।

## पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर 29 अगस्त तक रोक

### हाईकोर्ट बोला था- निचली अदालत आरोपों में उलझी; यूपीएससी-दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा था

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में आज बुधवार (21 अगस्त) को पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने 29 अगस्त तक पूजा की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। इससे पहले सुनवाई में कोर्ट ने दिल्ली पुलिस और यूपीएससी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। सुनवाई में जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा था कि निचली अदालत पूजा पर लगे आरोपों में उलझ गई और याचिका पर सही ढंग से विचार नहीं किया। दरअसल, पटियाला हाउस कोर्ट ने 1 अगस्त को पूजा को राहत देने से इनकार कर दिया था।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. )
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )